RNI: UPHIN/2015/60902

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

# द अचीवर टाइम्स



वर्ष : 9 अंक : 240
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शनिवार, 23 दिसम्बर, 2023

## एक नज़र

### हमले की जगह के पास से तीन लोगों के मिले शव, सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के वाहनों पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले के स्थल के पास शुक्रवार को तीन लोग संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। गुरुवार को हुए आतंकी हमले में पांच सैनिक बलिदान हो गए और दो घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतक उन आठ लोगों में शामिल थे, जिन्हें सेना ने सुरनकोट पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत धतियार मोड़ पर गुरुवार को हुए हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए उठाया था।

### आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस ने बनाई घोषणापत्र समिति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 2024 के आम चुनावों के लिए घोषणापत्र समिति का गठन किया। पी.चिदंबरम को घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष और टीएस सिंह देव को संयोजक नियुक्त किया गया।

### हिजाब पर प्रतिबंध का फैसला वापस लेगी कर्नाटक सरकार

**बंगलूरू।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने हिजाब से जुड़ा एक बड़ा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कहा कि राज्य में लगे हिजाब पर प्रतिबंध पर फैसला वापस लिया जाएगा। अब राज्य में किसी भी तरह का हिजाब पहने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। साथ ही कहा कि राज्य में मुस्लिम महिलाएं हिजाब पहनकर बाहर जा सकती हैं। साथ ही उन्होंने एक संबोधन में कहा कि मैंने अधिकारियों से आदेश वापस लेने के लिए कहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे क्यों आपत्ति होगी चाहिए, जिसको जो ड्रेस पहनी हो वो पहने, जो चाहो खाओ। मुझे इसकी परवाह क्यों होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें वोट पाने के लिए राजनीति नहीं करनी चाहिए और हम ऐसा नहीं करते हैं। बता दें कि कर्नाटक में भाजपा सरकार के दौरान राज्य के शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनकर आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

# बजरंग पुनिया ने किया कुश्ती संघ के नए अध्यक्ष का विरोध

## पीएम आवास के बाहर फुटपाथ पर पद्म श्री रखकर वापस लौटे बजरंग पूनिया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती संघ के नए प्रमुख संजय सिंह के विरोध में अपना पद्म श्री पुरस्कार लौटा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। बजरंग ने पद्म पुरस्कार लौटाने का एलान करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खत लिखा है। इस खत की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बजरंग ने लिखा ÷मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री जी को वापस लौटा रहा हूं। कहने के लिए बस मेरा यह पत्र है। यही मेरा स्टेटमेंट है। सोशल मीडिया पर बजरंग के पद्म श्री पुरस्कार लौटाने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो प्रधानमंत्री आवास के बाहर का बताया जा रहा है। इस वीडियो में बजरंग पूनिया प्रधानमंत्री आवास के सामने फुटपाथ पर ही अपना पद्म श्री पुरस्कार रख कर वापस लौटते दिखाई दे रहे हैं। वहां मौजूद पुलिस अधिकारी उनसे ऐसा न करने की अपील कर रहे हैं, लेकिन बजरंग पद्म श्री रखकर वापस लौट जाते हैं। इस बीच खेल मंत्रालय ने कहा है कि वह बजरंग से इस फैसले को पलटने के लिए विचार करने की बात कहेंगे। बजरंग पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए खत में लिखा ÷माननीय प्रधानमंत्री जी, उम्मीद है कि आप स्वस्थ होंगे। आप देश की सेवा में व्यस्त होंगे। आपकी इस भारी व्यस्तता के बीच आपका ध्यान हमारी कुश्ती पर दिलवाना चाहता हूं। आपको पता होगा कि इसी साल जनवरी महीने में देश की महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ पर काबिज बृजभूषण सिंह पर सेक्सुएल हरासमैंट के गंभीर आरोप लगाए थे, जब उन महिला पहलवानों ने अपना आंदोलन शुरू किया तो मैं भी उसमें शामिल हो गया था।

आंदोलन 40 दिन चला। इन 40 दिनों में हम सब पर बहुत दबाव आ रहा था। हमारे प्रदर्शन स्थल को तहस नहस कर दिया गया और हमें दिल्ली से बाहर खदेड़ दिया गया और हमारे प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी। जब ऐसा हुआ तो हमें कुछ समझ नहीं आया कि हम क्या करें। इसलिए हमने अपने मेडल गंगा में बहाने की सोची। जब हम वहां गए तो हमारे कोच साहिबान और किसानों ने हमें ऐसा नहीं करने दिया। उसी समय आपके एक जिम्मेदार मंत्री का फोन आया और हमें कहा गया कि हम वापस आ जाएं, हमारे साथ न्याय होगा। इसी बीच हमारे गृहमंत्री जी से भी हमारी मुलाकात हुई, जिसमें उन्होंने हमें आश्वासन दिया कि वे महिला पहलवानों के लिए न्याय में उनका साथ देंगे और कुश्ती फेडरेशन से बृजभूषण, उसके परिवार और उसके गुर्गों को बाहर करेंगे। हमने उनकी बात मानकर सड़कों से अपना आंदोलन समाप्त कर दिया, क्योंकि कुश्ती संघ का हल सरकार कर देगी और न्याय की लड़ाई न्यायालय में लड़ी जाएगी, ये दो बातें हमें तर्कसंगत लगीं।

साल 2019 में मुझे पद्मश्री से नवाजा गया। खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। जब ये सम्मान मिले तो मैं बहुत खुश हुआ। लगा था कि जीवन सफल हो गया। लेकिन आज उससे कहीं ज्यादा दुखी हूं और ये सम्मान मुझे कचोट रहे हैं। कारण सिर्फ एक ही है, जिस कुश्ती के लिए ये सम्मान मिले उसमें हमारी साथी महिला पहलवानों को अपनी सुरक्षा के लिए कुश्ती तक छोड़नी पड़ रही है। खेल हमारी महिला खिलाड़ियों के जीवन में जबरदस्त बदलाव लेकर आए थे। पहले देहात में यह कल्पना नहीं कर सकता था कि देहाती मैदानों में लड़के-लड़कियां एक साथ खेलते दिखेंगे। लेकिन पहली पीढ़ी की महिला खिलाड़ियों की हिम्मत के कारण ऐसा हो सका। हर गांव में आपको लड़कियां खेलती दिख जाएंगी और वे खेलने के लिए देश विदेश तक जा रही हैं।

लेकिन जिनका दबदबा कायम हुआ है या रहेगा, उनकी परछाई तक महिला खिलाड़ियों को डराती है और अब तो वे पूरी तरह दोबारा काबिज हो गए हैं, उनके गले में फूल-मालाओं वाली फोटो आप तक पहुंची होगी। जिन बेटियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड अंबेसडर बनना था उनको इस हाल में पहुंचा दिया गया कि उनको अपने खेल से ही पीछे हटना पड़ा। हम ÷सम्मानित÷ पहलवान कुछ नहीं कर सके। महिला पहलवानों को अपमानित किए जाने के बाद मैं ÷सम्मानित÷ बनकर अपनी जिंदगी नहीं जी पाउंगा। ऐसी जिंदगी कचोटेगी ताउम्र मुझे। इसलिए ये सम्मान मैं आपको लौटा रहा हूं।÷

### साक्षी मलिक ने लिया संयास

लेकिन बीती 21 दिसंबर को हुए कुश्ती संघ के चुनाव में बृजभूषण एक बार दोबारा काबिज हो गया है। उसने स्टेटमैंट दी कि दबदबा है और दबदबा रहेगा। महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोपी सरेआम दोबारा कुश्ती का प्रबंधन करने वाली इकाई पर अपना दबदबा होने का दावा कर रहा था। इसी मानसिक दबाव में आकर ओलंपिक पदक विजेता एकमात्र महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से सन्यास ले लिया। हम सभी की रात रोते हुए निकली। समझ नहीं आ रहा था कि कहां जाएं, क्या करें और कैसे जिएं। इतना मान-सम्मान दिया सरकार ने, लोगों ने। क्या इसी सम्मान के बोझ तले दबकर घुटता रहूं।

## दिल्ली के आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल को तीसरी बार ईडी का समन

# नहीं पेश हुए तो जारी होगा गैर जमानती वारंट



ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्डरिंग मामले की जांच के सिलसिले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को तीन जनवरी को पेश होने के लिए समन जारी किया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को इससे पहले दो नवंबर और 21 दिसंबर को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उन्होंने एजेंसी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया था। केजरीवाल को जब पहली बार 2 नवंबर को पेश होने के लिए कहा गया था तब पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार चल रहा था। तब उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय को पत्र लिखकर समन वापस लेने के लिए कहा था। केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि समन बीजेपी के इशारे पर भेजा गया। केजरीवाल ने पत्र में कहा था, उक्त समन में यह निर्दिष्ट नहीं किया गया है कि मुझे एक व्यक्ति के रूप में बुलाया जा रहा है, दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में मेरी आधिकारिक क्षमता में, या फिर आप के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में बुलाया जा रहा है। अप्रैल में इस मामले को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो ने आप प्रमुख से पूछताछ की थी, लेकिन एजेंसी ने उन्हें आरोपी नहीं बनाया था।

उन्होंने उस समय एजेंसी और केंद्र की बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था, सीबीआई ने मुझसे कुल 56 सवाल पूछे सब कुछ फर्जी है। मामला फर्जी है। मुझे यकीन है कि उनके पास हमारे खिलाफ कुछ भी नहीं है, एक भी सबूत नहीं है।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से प्रवर्तन निदेशालय के दूसरे समन को ठुकराए जाने के एक दिन बाद एजेंसी ने अब उनको 3 जनवरी को उसके सामने पेश होने के लिए कहा है। केजरीवाल को एजेंसी ने गुरुवार को बुलाया था, लेकिन वे इससे एक दिन पहले पूर्व-निर्धारित 10-दिन के विपश्यना (ध्यान) के लिए रवाना हो गए।

यदि आम आदमी पार्टी प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल 3 जनवरी को तीसरी बार समन पर ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए तो ईडी के पास उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट मांगने का विकल्प होगा। गुरुवार को एजेंसी के समन का जवाब देते हुए केजरीवाल ने इसे राजनीति से प्रेरित और अवैध बताया था। आप प्रमुख ने यह भी कहा था कि उन्होंने अपना जीवन पारदर्शिता और ईमानदारी से जीया है और उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। केजरीवाल ने मामले के जांच अधिकारी को लिखे एक पत्र में कहा था कि व्यक्तिगत पेशी के लिए उनके खिलाफ जारी किया गया नोटिस कानून के अनुरूप नहीं है÷ और इसे वापस लिया जाना चाहिए।

> **ईडी की ओर से पहला समन जारी किए जाने के बाद से ही ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को पूछताछ के बाद एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किया जाएगा। आप के कई नेताओं ने भी इसी तरह के बयान जारी किए हैं।**

> **दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को इस मामले में फरवरी में गिरफ्तार किया गया था और आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को अक्टूबर में हिरासत में लिया गया था।**

## मिट्टी का अवैध खनन जोरो पर, प्रशासन मौन

# कुछ तो है जिससे खनन माफियाओं के आगे सब हैं नतमस्तक

> ❖मनमाने तरीके से मिट्टी खनन के सदा ही उठते रहे हैं मामले!
> ❖मलाई खाने के चक्कर में मातहत उच्च अधिकारियों की ईमानदार छवि को कर रहे धूमिल!
> ❖खादी की चुप्पी,खाकी की उदासीनता व विभागीय मनमानी समझ से परे!
> ❖प्रदेश सरकार की किरकिरी कराने वाले अवैध कारोबारों से आखिर सत्ताधारियों ने क्यों मोड़ रखा है मुंह!



**द अचीवर टाइम्स प्रशांत अवस्थी**

**लखनऊ।** जिस तरह से मलिहाबाद तहसील क्षेत्र में अवैध खनन परवान चढ़ा है उसमें भागीदारी किसी की भी हो लेकिन फिलहाल सरकार तो किरकिरी का ही हिस्सा बन रही है। मिट्टी के अवैध कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। रात के अंधेरे में यह व्यापार फल फूल रहा है। क्षेत्र में चल रहे मिट्टी के मामले में स्थानीय प्रशासन भी ढुलमुल रवैया अख्तियार किए हुए है। मलिहाबाद तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी का खनन जोरों पर चल रहा है। सब कुछ पुलिस व प्रशासन के नाक के नीचे हो रहा है, लेकिन प्रशासनिक अमला शांत बैठा हुआ है।तहसील क्षेत्र में जेसीबी व डंफर लगा कर खनन माफिया शासन के दिशा निर्देशो की धज्जियां उड़ा रहे है। शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने से खनन माफियाओं के हौसले बुलंदी पर है।शासन ने पूरे प्रदेश में अवैध रुप से हो रहे खनन पर रोक लगाई हुई है। खनन के लिए शासन से आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रशासनिक अमले को दी गई है। इसके बाद भी मलिहाबाद तहसील क्षेत्र में पुलिस व तहसील प्रशासन की अनदेखी व मिली भगत के चलते मिट्टी खनन का कार्य बे रोक-टोक चल रहा है। खनन माफिया खुलेआम जेसीबी से डंफर पर मिट्टी लाद कर क्रय विक्रय कर रहे है।खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद है। अवैध रूप से खनन के बाद लदी मिट्टियां लेकर रोड पर चलने वाले डंफर चालकों की रफ्तार इतनी तेज होती है कि अक्सर हादसे भी होते है। इसके बाद भी इन अवैध खनन करने वालों के खलिाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### सड़कों का बुरा हाल

बरबाद हो जा रहीं सड़कें, राहगीर परेशान लगातार मिट्टी लदे डंफर के आवागमन से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों का बुरा हाल है। कई सड़कें टूट जा रही हैं तो कई पर छह-छह इंच धूल की परत जमी है। ऐसे में सड़क से गुजरने वाले लोगों की मुसीबत बढ़ जाती है। साइकिल सवार हो या बाइक सवारों के कपड़ों पर धूल जम जाती है और उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

## 9 दिन में डबल हुए कोरोना के केस

# फिर उठने लगे 'दूसरी लहर' के डरावने सवाल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने करीब 7 महीने पहले कोविड-19 से जुड़ी पब्लिक हेल्थ एडवाइजरी वापस ले ली थी लेकिन कोरोना के छ्व्रह्.1 वायरस ने एक बार फिर दुनिया भर के देशों को कोरोना गाइडलाइन का पालन करने पर मजबूर कर दिया है. कोरोना के चढ़ते ग्राफ का अंदाजा इसी बता से लगाया जा सकता है कि पिछले 9 दिनों में ही कोरोना के दोगुने केस हो गए हैं. केरल के बाद अब महराष्ट्र और गोवा में भी कोरोना के नए वेरिएंट ने दहशत फैलाना शुरू कर दिया है. महाराष्ट्र में कोरोना के नए वेरिएंट का एक मरीज सामने आया है जबकि गोवा में 18 मामले मिले हैं. नए मामले सामने आने के बाद देशभर में कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या 2 हजार के करीब पहुंच गई है. जबकि 11 दिसंबर को कोरोना के 938 मामले सामने आए थे। पिछले 24 घंटे की बात करें तो देश में कोरोना के 640 मामले सामने आए हैं, जबकि एक मरीज की मौत हुई है. नए मामले सामने आने के बाद कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 2997 हो गई है। केरल में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. केरल में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 265 मामले मिले हैं जबकि कुल संक्रमितों की संख्या अब 2606 हो गई है। केरल में जिस तरह से मामले बढ़ रहे हैं, उसने कोरोना की दूसरी लहर की खौफनाक यादें ताजा कर दी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय और WHO भले ही कह रहे हों कि इससे घबराने की जरूरत नहीं है लेकिन लोगों के जेहन में कई ऐसे सवाल भी उठ रहे हैं, जिसके जवाब जानना बेहद जरूरी हो गया है।

मौसम में बदलाव के साथ ही हर घर में कोई न कोई इन दिनों सर्दी और जुकाम से परेशान है. कोरोना की दहशत के बीच लोगों में डर है कि कहीं उन्हें भी तो कोरोना नहीं हो गया है. लोगों के डर के बीच WHO की पूर्व चीफ साइंटिस्ट डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने बताया है कि मौसम में बदलाव के साथ इंफ्लुएंजा A,एडेनोवायरस, राइनोवायरस और रेस्पिरेटरी सिंकायटियल वायरस का इंफेक्शन किसी को भी हो सकता है. इसके लक्षण काफी कोविड-19 से मिलते दिखते हैं. हालांकि ये जरूरी नहीं कि हर किसी को इसके लिए कोरोना की जांच करानी चाहिए. उन्होंने कहा कि ये टेस्ट उन लोगों के लिए जरूरी है कि जिन्हें सर्दी-जुकाम और बुखार के साथ ही सांस लेने में समस्या हो रही है। जिन्हें पहले से सांस की बीमारी है या निमोनिया है उनके लिए जांच जरूरी है।

## जंग के दौरान गाजा में 40 वर्षों की सबसे बड़ी जनहानि

# 20 हजार की जान गई, 1200 इस्राइलियों की भी मौत

एजेंसी



**यरुशलम।** इस्राइली सेना गाजा पर शासन करने वाले सशस्त्र फलस्तीनी समूह हमास को खत्म करने के लिए एक गहन हवाई और जमीनी अभियान में लगी हुई है। गौरतलब है, सात अक्तूबर को हमास ने इस्राइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 250 से अधिक लोगों को आतंकी समूह ने बंधक बना लिया था। हमास और इस्राइल के बीच दो माह से अधिक समय से जंग जारी है। युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के हजारों लोगों की मौत हो गई है। जहां इस्राइल ने हमास को पूरी तरह खत्म करने का संकल्प लिया है। वहीं, अब आतंकी समूह भी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। फिलहाल न तो जंग की रफ्तार कम हो रही है और न ही लोगों की जान की परवाह की जा रही है। इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 10 हफ्ते से जारी इस्राइल हमास युद्ध के दौरान मारे गए गाजा के निवासियों की संख्या ने 40 साल से अधिक वर्षों का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। यह संख्या 1948 में इस्राइल की स्थापना के बाद से लेकर अबतक इस देश से भिड़ने वाले किसी भी अरब संघर्ष में मारे जाने वालों की संख्या पार कर गई है।

इस्राइली सेना गाजा पर शासन करने वाले सशस्त्र फलस्तीनी समूह हमास को खत्म करने के लिए एक गहन हवाई और जमीनी अभियान में लगी हुई है। गौरतलब है, सात अक्तूबर को हमास ने इस्राइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 250 से अधिक लोगों को आतंकी समूह ने बंधक बना लिया था। वहीं, 1200 से अधिक लोगों की जान गई थी। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास को खत्म करने के लिए हवाई और जमीनी अभियान चलाए। फिलहाल यह युद्ध थमता नहीं दिखाई दे रहा है।

गाजा में मरने वालों की संख्या साफ दर्शाती है कि इस्राइल ने हजारों हवाई हमलों, भारी बमों और तोपखाने का इस्तेमाल करने का विकल्प चुना है। यह छोटा से क्षेत्र है, जो आम नागरिकों से भरा हुआ है और उनके पास भागने का भी रास्ता नहीं है। हालांकि, इस्राइली सेना का भी लगातार कहना है कि आम नागरिकों की आड़ में हमास के आतंकी छिप रहे हैं। उसका कहना है कि हमास ने अपने लड़ाकों और हथियारों को बचाने के लिए सुरंग बनाई हैं।

इस युद्ध को पहले से ही इस्राइल की स्थापना के बाद से अबतक का फलस्तीनियों के लिए सबसे घातक संघर्ष माना जा रहा है। फलस्तीनी केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, 1948 में इस्राइल की स्थापना के आसपास के युद्ध के दौरान अनुमानित 15,000 फलस्तीनी मारे गए थे। अगर गाजा के आंकड़े सटीक है वर्तमान में मारे गए लोगों को लेकर तो यह संख्या 1982 की जंग के शुरुआती तीन महीनों में मरने वालों से भी कई अधिक है। हालांकि, शोधकर्ताओं का कहना है कि लेबनान में मारे गए लोगों की संख्या आज चार दशक बाद भी स्पष्ट नहीं है।

### गाजा में बिना रुकावट मानवीय सहायता की पहुंच की मांग

एजेंसी



**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (ह्रस्ष्) ने शुक्रवार को एक प्रस्ताव अपनाया, जिसमें पूरे गाजा पट्टी में मानवीय सहायता की तत्काल और निर्बाध डिलीवरी और इस्राइल-हमास के बीच संघर्ष को स्थायी रूप से खत्म कराने के लिए माहौल बनाने की मांग की गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव पर कई दिनों की देरी के बाद शुक्रवार को सुरक्षा परिषद में मतदान हुआ। यूएनएससी के कुल 15 सदस्य देशों में से 13 ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जबकि अमेरिका और रूस ने मतदान से खुद को अलग रखा। यूएई के प्रस्ताव में मांग की गई है कि संघर्ष में शामिल पक्ष पूरे गाजा पट्टी में फलस्तीनी नागरिकों तक सीधे मानवीय सहायता की तत्काल, सुरक्षित और निर्बाध डिलीवरी की अनुमति दें और इसके लिए सुविधा प्रदान करें। साथ ही मानवीय सहायता तक सुरक्षित पहुंच के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया गया है। प्रस्ताव में इस्राइल-हमास के बीच संघर्ष की स्थायी समाप्ति के लिए माहौल तैयार करने का भी आह्वान किया गया है। प्रस्ताव में संघर्ष में शामिल पक्षों से सीमा पार सहित पूरे गाजा पट्टी के लिए सभी उपलब्ध मार्गों के उपयोग की अनुमति देने और सुविधा प्रदान करने की मांग की गई है।

# कपड़ा व्यापारी से लूट व अपहरण करने वाले गैंग के एक बदमाश को एसटीएफ टीम ने मुठभेड में किया गिरफ्तार

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**हरदोई।** अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं पश्चिमी व क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के कुशल नेतृत्व में एसटीएफ टीम, परिक्षेत्र लखनऊ एसओजी टीम व जनपदीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जनपद हरदोई के थाना पाली से कपडा व्यवसायी रामजी मिश्रा का अपहरण कर 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले गैंग के एक बदमाश को फिरौती की रकम देने से पूर्व ही पुलिस मुठभेड मे गिरफ्तार किया गया ।थाना पाली के ग्राम बारी के निवासी रामजी मिश्रा पुत्र कमल किशोर मिश्रा की वासितनगर थाना शाहाबाद में कपडे की दुकान है, प्रतिदिन की भांति रामजी मिश्रा सायंकाल अपनी दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे तभी गांव से कुछ दूरी पहले कार सवार अज्ञात बदमाश बलपूर्वक कपडा व्यापारी रामजी मिश्रा को कार में उठा ले गये। पुलिस अधीक्षक हरदोई द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर इस सनसनीखेज घटना के शीघ्र अनावरण हेतु स्वाट, सर्विलांस/एसओजी व थाना पाली पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर लगाया गया एवं पीडित के परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 470/23 धारा 279/364 भादवि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।इसी क्रम में उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार एसटीएफ टीम उ0प्र0, परिक्षेत्र लखनऊ एसओजी टीम, जनपद की स्वाट, सर्विलांस /एसओजी व थाना पाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विवेचना के तमाम पहलुओं की गहनता से जांच कर, पतारसी-सुरागरसी, परिस्थितिजन्य साक्ष्यों, सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज व वैज्ञानिक पद्धति के माध्यम से कुछ संदिग्धों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें प्रयासरत थी। आज सूचना प्राप्त हुई कि कार में सवार अपहरणकर्ता फिरौती की रकम लेने थाना पाली से लोनार की तरफ नहर पटरी से जा रहे है। पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गयी थाना लोनार से पाली की तरफ जाने वाली नहर पटरी पर कनकापुर लाल मोड के निकट बदमाशों द्वारा खुद को घिरा देख कार से नीचे उतरकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग करने पर विशाल वर्मा पुत्र लक्ष्मीकांत उम्र करीब 24 वर्ष निवासी याकूबगंज थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा पुलिस टीम द्वारा अपर्हत व्यक्ति रामजी को सकुशल बरामद किया गया। घायल बदमाश के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 जिंदा कारतूस बरामद हुआ, मुठभेड के दौरान 02 पुलिसकर्मी 1. का0 चन्द्रकुमार 2. का0 विनय कुमार भी घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा मुठभेड मे घायल बदमाश व दोनों पुलिसकर्मीयों को उपचार हेतु सीएचसी सवायजपुर भिजवाया गया।पुलिस टीम द्वारा घायल अभियुक्त से उसके अन्य फरार साथियों एवं अपरहण की घटना के संबंध में पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि अपर्हत रामजी की अपने गांव के ही रविकांत मिश्रा से पुरानी रंजिश (जमीनी विवाद) चल रही है जिसके चलते रविकांत मिश्रा (जोकि घायल अभियुक्त विशाल वर्मा के साथ लखनऊ में सिक्योरिटी गार्ड व पिज्जा हट्ट में नौकरी करता था तथा एक ही कमरे पर रहते थे) द्वारा विशाल वर्मा पुत्र लक्ष्मीकांत उम्र करीब 24 वर्ष निवासी याकूदगंज थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी व अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रामजी मिश्रा के अपहरण की योजना बनाई गयी। इसी क्रम में सभी अभियुक्तगण 18.12.2023 को जनपद हरदोई में उत्तम ढाबा थाना शाहाबाद पर आये जिसके उपरांत दिनांक 19.12.2023 को शाम के समय जब कपडा व्यापारी रामजी मिश्रा अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे अभियुक्त रविकांत मिश्रा द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से अपने अन्य साथियों को रामजी मिश्रा के घर जाने की सूचना दी गयी तथा चारों बदमाशों द्वारा रामजी मिश्रा की मोटरसाइकिल के आगे कार लगाकर बलपूर्वक कार मे बैठाकर ले गये थे । आज सभी बदमाश फिरौती की रकम लेने आए थे उसी समय पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये अपर्हत रामजी मिश्रा को सकुशल बरामद किया गया एवं एक शातिर बदमाश को मुठभेड में घायल/गिरफ्तार किया गया ।पुलिस अधीक्षक हरदोई द्वारा फरार बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों को चेकपोस्ट पर नाकाबंदी करने तथा जनपद के समस्त थानों को अपने अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर वांछित बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु लगाया गया है।पुलिस अधीक्षक हरदोई द्वारा घटना का अनावरण करने वाली संयुक्त टीम को 25,000 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रधान व पंचायत स्तरीय अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें

# यात्रा में लाभार्थियों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए



**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**

**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में बैठक हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा संकल्प यात्रा के संबंध में विभिन्न विषय उठाये गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यात्रा को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधान व पंचायत स्तरीय अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। जिस ग्राम में कार्यक्रम प्रस्तावित है वहाँ माइक से विधिवत सूचना दी जाए ताकि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता हो सके। लाभार्थियों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम स्थल की कार्यक्रम से पूर्व सफाई करा ली जाए। कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। मुख्य मार्ग से चूना डलवाया जाए। भाजपा अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि अब तक के कार्यक्रम सफल रहे हैं। सफलता का यह सिलसिला लगातार बरकरार रहे। सांसद व विधायक निधि से लगी हुई खराब हो चुकी लाइटों के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने भाजपा अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि रख रखाव को सुनिश्चित कराया जाए। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिला अभियान संयोजक राजवीर सिंह आजाद भदौरिया तथा अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# एक नज़र

## प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध सघन चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया गया

**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**



**हरदोई।** शासन व जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आज नगर पालिका परिषद हरदोई के रेलवेगंज के व्यावसायिक क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध सघन चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें 3 दुकानदारों से लगभग 6.5 किग्रा पॉलीथिन व थर्माकोल की सामग्री जब्त की गई व 10,000 रुपये जुर्माना वसूला गया एवं समस्त फल विक्रेताओं व ठेला पटरी दुकानदारों को पॉलीथिन का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के दौरान श्री चंद्रकांत अवर अभियंता जल एवं टैक्स कलेक्टर आदि पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे।

## वरासत निस्तारण के मामलों में हिला- हवाली करना लेखपाल को पड़ा महंगा- निलंबित

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**हसनगंज- उन्नाव।** तहसील क्षेत्र पनापुर कला क्षेत्र में तैनात लेखपाल के पास कई माह से वरासत के मामलें पेंडिंग थे। एसडीएम के हिदायत के बाद भी निस्तारण नहीं किया गया। जिसको लेकर लेखपाल को एसडीएम ने निलंबित कर दिया। तहसील क्षेत्र पनापुर व अतिरिक्त चार्ज मवई ब्रह्मनान गांव में तैनात लेखपाल अजय यादव के पास 03 वरासत के मामलें कई माह से कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर पेंडिंग पड़े थे। जिसका अवलोकन कर नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी ने 19 दिसंबर को निस्तारण करने की हिदायत दी थी। उसके बावजूद भी निस्तारण नहीं किया गया। जिसको लेकर एसडीएम ने लेखपाल को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर 15 दिन में अपनी जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया हैं। एसडीएम नवीन चंद्र ने बताया कि लापरवाही को देखते हुए लेखपाल को निलंबित किया गया हैं। विभागीय जांच भी की जा रही हैं।

## खेत की मेढ़ बाँधने को लेकर चलें लाठी- डंडे

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**बांगरमऊ- उन्नाव।** खेत की मेढ़ बाँधने को लेकर आपसी विवाद में जमकर चलें लाठी- डंडे दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गए। दो घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आपकों बता दें कि बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रोशनाबाद गांव निवासी मंशाराम 60 पुत्र होरीलाल और उसका पुत्र संजय शुक्रवार शाम अपने खेत की मेढ़ काट रहा था तभी उसका भाई महेश 55 वहाँ आ गया और मेढ़ काटने का विरोध करने लगा। जिसमें शोरगुल सुनकर महेश का पुत्र हेमराज भी वहां पर पहुंच गया और दोनों पक्षों में जमकर लाठी- डंडे चलने लगे। जिसमें मंसाराम और महेश दोनों लोग लहूलुहान हो गए दोनों बेहटा मुजावर थाना पहुंच कर तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण करा कार्यवाई शुरू कर दी हैं।

## राष्ट्रीय गणित दिवस- गणित ज्ञान की ऊँचाइयों का समर्पण

**द अचीवर टाइम्स/रजनीश कुमार**



**बीकेटी लखनऊ।** बक्शी के तालाब में स्थित एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव में तीनों मुख्य अतिथियों, डॉ. चिंतामणि तिवारी, डॉ. सुभाष कुमार यादव, और डॉ. करुणेश कुमार सिंह ने भारतीय गणितीय जगत को समानतात्मक दृष्टिकोण से देखने का समर्पण किया। डॉ. चिंतामणि तिवारी ने अपरिपूर्ण समांतर गणना के बारे में बताया और इसे एक निर्दिष्ट ऐंतरफलकी है जिसमें सीमाएं अनंत या उनमें से कम होती हैं, या जिसका अंशग्राहक एक या एक से अधिक स्थानों पर अनंत की ओर बढ़ता है, बताया। डॉ. शुभाष कुमार यादव ने "Man who knew infinity- Ramanujan - the mathematicians" के बारे में बताया और रामानुजन के जीवन और शोध का विवरण किया। उन्होंने यह भी कहा कि साधा और कठिन में अंतर यह है कि किसमें रुचि है, और जिसमें रुचि नहीं है, वह कठिन हो सकता है। डॉ. करुणेश कुमार सिंह ने मैट्रिक्स पर विस्तृत जानकारी दी, कहा कि मैट्रिक्स इंजीनियरिंग गणित में भी महत्वपूर्ण हैं। इसमें मैट्रिक्स के प्रकार, मैट्रिक्स का परिवर्तन, मैट्रिक्स की रैंक, मैट्रिक्स का अजॉइंट और इनवर्स, मैट्रिक्स का डिटर्मिनेंट आदि के बारे में सीखेंगे। राष्ट्रीय गणित दिवस के मौके पर छात्रों ने गणित के आधार पर पोस्टर और रंगोली बनाई, जो छात्रों के प्रयासों को प्रमोट करने के लिए संगठन के उपाध्यक्ष श्री पीयूष सिंह चौहान ने सराहा और उन्हें गणित की महत्वपूर्ण बातें चर्चा करने का समर्थन किया। संस्थान के अध्यक्ष पवन सिंह चौहान ने कहा, ÷गणित की खोजें ने भारत को विश्व में एक अच्छी स्थिति प्रदान की हैं। हमारे बच्चे भी रामानुजन की तरह अनुसंधान करें और हमारा नाम रोशन करें, साथ ही अपने माता-पिता और अपने देश का नाम भी रोशन करें।

# स्वस्थ भारत की दिशा में एक और महत्वपूर्ण क़दम !



**द अचीवर टाइम्स ङ्क प्रभात तिवारी**

**लखनऊ।** हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की स्मृति में 17 व 18 दिसम्बर को पी.एन.टी. ग्राउंड राजाजीपुरम, लखनऊ में अटल स्वास्थ्य मेला का विशाल आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता माननीय श्री नीरज सिंह द्वारा किया गया जिसका शुभारम्भ महामहिम उपराष्ट्रपति भारत आदरणीय श्री जगदीप धनकड़ जी के मुख्य आतिथ्य व उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आदरणीया श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी, पूर्व उप-मुख्यमंत्री व राज्सभा सदस्य आदरणीय श्री दिनेश शर्मा जी, उप-मुख्यमंत्री माननीय श्री बृजेश पाठक जी, लखनऊ महानगर अध्यक्ष माननीय श्री आनंद द्विवेदी जी एवं अन्य गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मेले में हज़ारों की संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य-लाभ लिया । मेले में सभी प्रकार की स्वास्थ सम्बंधी जाँच, नि:शुल्क औषधि वितरण, नि:शुल्क चश्में की जाँच व वितरण, दिव्यांग जनों को नि:शुल्क उपकरणों का वितरण व अन्य सुविधाएँ प्रदान की गयीं । इस पावन मेले में लखनऊ कैंसर इंस्टिट्यूट की तरफ़ से डाइरेक्टर श्रीमती निर्मला पंत जी के साथ मुझे भी सक्रिय योगदान करके जनमानस की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## बेहोशी की हालत में मिला युवक, चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**पुरवा- उन्नाव।** क्षेत्र के गांव कसरौर निवासी 45 वर्षीय लक्ष्मीशंकर को गुरुवार रात गांव के बाहर स्थित एक मंदिर किनारे ग्रामीणों ने बेहोश पड़ा देख पत्नी अनीता को सूचना दी। अनीता ग्रामीणों की मदद से लक्ष्मीशंकर को लेकर सीएचसी पहुंची जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।पत्नी अनीता ने बताया कि पति लक्ष्मीशंकर ई-रिक्शा चलाते थे।कुछ दिन पूर्व ई-रिक्शा को बेच दिया था। अनीता ने मौत की वजह स्पष्ट होने के लिए पोस्टमार्टम कराए जाने की पुलिस को तहरीर दी हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। लक्ष्मीशंकर की मौत से पत्नी अनीता व पुत्री आकांक्षा रो- रोकर बेहाल थे। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आदर्श इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस पर किया क्विज का आयोजन

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** गाँव नली हुसैनपुर में स्थित आदर्श इंटर कॉलेज में महान गणितज्ञ निवास रामानुजन की जयन्ती पर उनको सम्मान देते हुए याद किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में गणित क्विज आयोजन भी किया गया। गणित क्विज से पूर्व महान गणितज्ञ के चित्र पर श्रधां सुमन अर्पित करते प्रधानाचार्य उपकार दत्तः शर्मा ने उनके गणित के क्षेत्र में योगदान को अतुलनीप बताया। प्रधानाचार्य ने -कहा कि, सीमित संसाधनो व अन्य विषमताओं के चलते रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने कहा कि यह दिन वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति बने गणित के महत्व और हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न पहलुओ को याद कर गणित की भूमिका पर विचार करने का अवसर भी प्रदान करता है। गणित के प्रयोग से जीवन सरल व सुगम बनता है। इस अवसर पर विधार्थियो हेतु गणित पर आधारित क्विज का आयोजन भी किया गया। बीजगणित, अंकगणित, ज्यामिति, होल गिति पर आधारित प्रशन्न पूछे गये । सही उत्तर -देने वाले विद्यार्थियों को ऑन द स्पाट पुरस्कार भी दिये गये। वीर बाल दिवस भी मनाया गया व भाषण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक बलराम सिंह रहे। उन्होंने गणित के पहलुओं की जानकारी भी दी। सहायक सतीश कुमार रहे। सीनम ने भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। सुरील कुमार, गरीबा सिंह, वेदमित, पकंज, बिजेन्द्र, प्रदीप, विनोद, सुनील सेठी आदि लोग उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने टुल्लू बाबू, महेंद्र प्रताप महामंत्री निर्वाचित

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**हरदोई।** बार एसोसिएशन के सर्वाधिक प्रतिष्ठित अध्यक्ष पद पर विजयी हुए कृष्ण दत्त शुक्ला टुल्लू बाबू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रामेन्द्र सिंह तोमर को मात्र सात मतों से पराजित कर जीत हासिल की। दूसरे नंबर की प्रतिष्ठा रखने वाले महामंत्री पद पर अधिवक्ता संघ के इतिहास में अब तक इस पद पर सबसे लंबी जीत हासिल करने वाले महेंद्र प्रताप सिंह ने 415 वोटों के लंबे अंतराल से जीत दर्ज कराई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शिवकुमार ने जीत का परचम लहराया। इन्होंने पहली बार इस पद पर चुनाव लड़कर जीत हासिल की। उपाध्यक्ष के दो पदों पर योगेंद्र सिंह और विनय कुमार शुक्ला ने जीत का परचम लहराया। इसी प्रकार कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शैलेंद्र कुमार सिंह राठौड़ ने 110 मत के भारी अंतराल से जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर हुए काटे के मुकाबले में नीतू चंद्रा ने जीत दर्ज कराई। संयुक्त मंत्री प्रशासन में शशिकांत सिंह ने 61 मतों से जीत हासिल की। संयुक्त मंत्री प्रशासन में लक्ष्मीकांत पांडे ने 82 मतों के अंतर से जीत हासिल की। अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी सदस्यों में कृष्ण कुमार अवस्थी, कृष्णकांत मिश्रा, हिमांशु सिंह, मनोज कुमार श्रीवास्तव, सर्वेंद्र कुमार सिंह व आरके गुप्ता ने जीत हासिल की। कनिष्ठ पदों पर कमल श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, सुनील कुमार सिंह, अनिल कुमार शर्मा, रामनिवास व मदन पांडे ने जीत का परचम लहराया।

# मोहान- अजगैन 19 किलों मीटर मार्ग बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील

- विOहिंOपO एवं बOदO के कार्यकर्ताओं ने शौर्य जागरण यात्रा के दौरान निकाली बाइक रैली।
- जिसपर शासन-प्रशासन द्वारा कोई ध्यान न देने पर अक्रोशित कार्यकर्ताओं ने किया आंशिक चक्का जाम।
- जल्द ही निर्माण कार्य न शुरु होने पर बड़ा आंदोलन का अल्टीमेटम।

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**हसनगंज- उन्नाव।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शौर्य जागरण यात्रा के दौरान नगाड़ेस्वर मंदिर से बाइक रैली निकाली। यात्रा न्योतनी, फरहदपुर, चिरियारी, लखपेड़ा होते हुए मोहान हसनगंज तक गई। मोहान- अजगैन 19 किलों मीटर मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुका हैं जिसपर शासन-प्रशासन द्वारा कोई ध्यान न देने से अक्रोशित विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष कमलेश सिंह की अगुवाई में पचास से अधिक कार्यकर्ताओं ने पुछड़ा चौराहे पर धरना प्रदर्शन, चक्का जाम कर सरकार को सड़क की बदहाली का संदेश दिया। यात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता बाइक से निकले और जय श्री राम के जयकार करते हुए फरहदपुर से मोहान, हसनगंज तक प्रदर्शन किया।कमलेश सिंह ने बताया कि मोहान- अजगैन मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया हैं। जिसपर अगस्त माह में जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बताया था की सड़क निर्माण अगर शुरू न हुआ तो कार्यकर्ताओं के साथ चक्का जाम कर शासन- प्रशासन को चेतावनी देंगे। उसी को लेकर आंशिक चक्का जाम प्रदर्शन किया गया हैं। यदि जल्दी ही निर्माण शुरू नही हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर रघुवीर सिंह, लालता, अनिता सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# सपा कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय जाकर जिलाधिकारी प्रतिनिधि सीटी मजिस्ट्रेट अरुण मणि तिवारी को महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि भारत के संसदीय इतिहास की यह पहली घटना हैं कि जब देश की जनता द्वारा चुने गये दोनों सदनों के 146 विपक्षी सांसद एक साथ पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिये गये हैं। जबकि संसद देश की जनता का सर्वोच्च प्रतिनिधित्व संस्था हैं जहाँ आम लोगों की अभिव्यक्ति को सदन में संप्रभुता मिलती हैं।संसद ही इस बात का प्रमाण हैं कि भारतीय राजनीतिक व्यवस्था मे जनता सबसे ऊपर है, जनमत सर्वोपरि हैं। देश की जनता की आवाज 146 सांसदों को निलंबित कर आम आदमी की आवाज का गला घोंटा गया हैं। जो भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के लिए एक कंलक हैं जंगे आजादी के उन पुरोधाओं का अपमान हैं। जिन्होने देश को आजाद कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था ऐसी तानाशाह स्वतंत्रता आन्दोलन के वीर शहीदों की भावनाओं और आम जनता की अभिव्यक्ति का गला घोटने वाली केंद्र की भाजपा सरकार को एक मिनट भी सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि केन्द्र की तानाशाह भाजपा सरकार को तत्काल भंग कर देश में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। 146 विपक्षी सांसदों की अनुपस्थिति में चले सदन को शून्य घोषित किया जाए। चालू सत्र के दौरान जितने भी नियम कानून बने सदन में जो भी सर्व सम्मति से स्वीकृत हुआ सभी को निष्प्रभावी किया जाये।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पहुंचे- लखनऊ- उन्नाव

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**मौरावां- उन्नाव।** ब्लाक हिलौली की दो ग्राम पंचायतें बेहटा व देवमई में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लखनऊ- उन्नाव एमएलसी रामचंद्र प्रधान व विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे हिलौली प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित का ग्राम प्रधान अब्दुल कादिर व उर्मिला देवी ने अंगवस्त्र व बुके भेंट कर स्वागत किया। यहां उपस्थित जनता को अपने संबोधन में सरकार की उपलब्धियों का बखान किया और उन्हें भाजपा की रीति-नीति को सराहनीय बताया। शुक्रवार को हिलौली की ग्राम पंचायत बेहटा व देवमई दो जगहों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में लखनऊ- उन्नाव एमएलसी रामचंद्र प्रधान ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार सभी तबके के प्रति सजग हैं। धरातल पर निरंतर सभी लाभार्थियों के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चला रहीं हैं। जिसका लाभ सभी पात्रों तक सीधे पहुंच रहा हैं। उन्होंने कहा कि अब अधिकारी जनता से सीधे मिल रहें हैं। देश की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार मे अधिकारी जनता के कार्य पूछपूछ कर रहें हैं। प्रमुख हिलौली दिलीप कुमार दीक्षित ने कहा कि मोदी योगी सरकार ने शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, परिवहन आदि के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किया हैं।उन्होंने योजनाओं का लाभ लेने की लोगों से अपील की। वहीं लाभार्थियों को उज्वला कनेक्शन के तहत गैस चूल्हा व आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें। कार्यक्रम में संतोष सिंह, अरुण प्रताप सिंह, बृजेश शुक्ला, विनीत भारतीय, मोतीलाल लोधी, रमेश पाल, सूरज तिवारी, मनोज लोधी, रोहित अवस्थी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरूष मौजूद रहें।

# 22 जनवरी को पोर्टल और एप से हुई होटल बुकिंग होगी कैंसिल

❖ नहीं रुक सकेंगे अयोध्या में।

संवाददाता



**लखनऊ।** सीएम योगी ने बृहस्पतिवार को यहां समीक्षा बैठक के दौरान कहा था कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन वही लोग अयोध्या में आ सकेंगे, जिनके पास निमंत्रण पत्र है। या जो सरकारी ड्यूटी पर तैनात हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अयोध्या में रुकने के जुगाड़ में जिन लोगों ने यहां के होटलों में कमरों की बुकिंग करा ली है, उन्हें बुकिंग कैंसिल करानी होगी। 22 जनवरी और उससे एक दो दिन आगे-पीछे सिर्फ उन्हीं लोगों के ठहरने का इंतजाम रहेगा, जो ट्रस्ट की तरफ से आमंत्रित हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से यहां के होटलों के 90 फीसदी कमरों की ऑनलाइन बुकिंग मेक माई ट्रिप, गोआईबीबो व यात्रा डॉट कॉम जैसे एप, पोर्टल व वेबसाइट से हुई है। फिलहाल स्थानीय होटल संचालकों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तारीख के लिए होटल के कमरों की ऑफलाइन बुकिंग बंद कर दी है। इन्हें अब राम मंदिर ट्रस्ट, प्रशासन व पुलिस की नई गाइडलाइन आने का इंतजार है। सीएम योगी ने बृहस्पतिवार को यहां समीक्षा बैठक के दौरान कहा था कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन वही लोग अयोध्या में आ सकेंगे, जिनके पास निमंत्रण पत्र है। या जो सरकारी ड्यूटी पर तैनात हैं। इनके अलावा अन्य के आने पर रोकथाम की जाए। इस निर्देश के बाद यहां के होटल संचालकों में खलबली मच गई है। शहर के प्रमुख होटल व्यवसायी अरुण अग्रवाल ने बताया कि 22 जनवरी के लिए ज्यादातर होटलों के कमरों की बुकिंग ऑनलाइन पोर्टलों से हुई है। इनके माध्यम से यहां के होटल संचालकों के पास अभी तक सिर्फ संदेश आया है कि उनके कितने कमरे बुक रहेंगे।ऑनलाइन बुकिंग में ग्राहक पैसों का लेन-देन संबंधित पोर्टल या वेबसाइट से करता है। जब वह बुकिंग वाली तिथि पर चेक इन करता है, तब होटल के खाते में भुगतान आता है। इसमें यह सुविधा भी होती है कि यदि कोई अतिथि चाहे तो एक दिन पहले बुकिंग निरस्त कर सकता है। ऐसे में कुछ पैसों की कटौती करने के बाद बाकी रकम उन्हें वापस मिल जाती है। ऐसे में अब यदि प्रशासन को प्राण प्रतिष्ठा की तारीख में हुई बुकिंग निरस्त करानी है तो इन पोर्टल व वेबसाइट से संपर्क करना होगा। या फिर बुकिंग कराने वालों से अपील करनी हो कि वे खुद निरस्त करा लें। इसमें स्थानीय होटलों की कोई खास भूमिका नहीं होगी। उधर, फैजाबाद होटलियर एसोसिएशन के अध्यक्ष निरंकार सिंह ने कहा कि हम राम मंदिर ट्रस्ट, प्रशासन व पुलिस की नई गाइडलाइन के अनुसार आगे का कदम उठाएंगे।

# सीएम योगी से मिले ओमप्रकाश राजभर, राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर चर्चा

संवाददाता



**लखनऊ।** पार्टी के मुख्य राष्टीय प्रवक्ता अरुण राजभर के मुताबिक सुभासपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री को बताया कि भर, राजभर जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए 17 जिलों का सर्वे कराया गया था, जिसकी रिपोर्ट सरकार के पास है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान भर, राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर चर्चा हुई। साथ ही, उन्होंने इटावा के सैफई तहसील के गांव रणवीर नगर में बंजारा जाति के 2500 लोगों की समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर के मुताबिक सुभासपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री को बताया कि भर, राजभर जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए 17 जिलों का सर्वे कराया गया था, जिसकी रिपोर्ट सरकार के पास है। इसे जल्द केंद्र सरकार को सौंपा जाना है। लोकसभा चुनाव से पहले भर/राजभर जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने की संभावना है। भर, राजभर जाति यूपी में पिछड़ा व विमुक्त जाति में तथा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध है। विमुक्त जाति की क्रम संख्या 1 से 19 में से क्रम संख्या 17 पर अंकित भर जाति को छोड़कर सभी जातियों को या तो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध किए जाने के लिए अष्टम विधानसभा की याचिका समिति द्वारा सिफारिश की गयी है। वहीं, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हालिया आदेश में भर/राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध किए जाने के लिए दो माह के अंदर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे जाने का दोबारा आदेश दिया गया है। अरुण राजभर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस दिशा में कार्य कर रहे हैं, वह सुभासपा के विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने वाली है।

## एक नज़र

### अयोध्या एयरपोर्ट पर हुआ ट्रायल... वायुसेना ने उतारा विमान

एजेंसी




**लखनऊ।** श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार को विमान उतारने और उड़ान भरने का ट्रायल किया गया। भारतीय वायुसेना ने अपना भारी भरकम जहाज उतारा। करीब 25 मिनट बाद यहां से उड़ान भरी। ट्रायल सफल रहा। श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार को विमान उतारने और उड़ान भरने का ट्रायल किया गया। भारतीय वायुसेना ने अपना भारी भरकम जहाज उतारा। करीब 25 मिनट बाद यहां से उड़ान भरी। ट्रायल सफल रहा। एयरपोर्ट पर ट्रायल के लिए शुक्रवार सुबह तैयारियां शुरू हुई। जगह-जगह सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई। सभी यंत्रों को सक्रिय कर दिया गया। संचालन करने वाले तैनात किए गए। भारतीय वायुसेना का विमान लगभग एक बजे एयरपोर्ट के ऊपर मंडराया। एयरपोर्ट से उतरने के लिए सिग्नल दिया गया। जहाज उतरा। सभी यंत्र ठीक से काम करते पाए गए। विमान से एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया के कुछ अफसर भी पहुंचे थे। यहां तैनात अफसरों से मुलाकात की। तकनीकी रूप से कार्यप्रणाली को परखा गया। करीब 25 मिनट बाद उड़ान भरने के लिए जहाज को रनवे पर दौड़ाया गया। इस दौरान एयरपोर्ट परिसर में कौतूहल था। बाहर भी ऊंचे स्थानों से लोग जहाज को उतरते और उड़ान भरते हुए देखने के लिए आंखें गड़ाए रहे।

**एयरपोर्ट पर शुरू हो गई कार्यक्रम की तैयारी**

30 दिसंबर को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एयरपोर्ट पर तैयारी शुरू कर दी गई है। ट्रकों से टेंट का सामान पहुंचने लगा। अन्य व्यवस्थाओं को लेकर काम शुरू कर दिया गया है।

### हवा-बादल ने बढ़ाई गलन, रात चढ़ते ही छाया कोहरा, आज कई इलाकों में हो सकती है हल्की बारिश



संवाददाता

**लखनऊ।** कोहरे और खराब मौसम से बृहस्पतिवार को लखनऊ आने वाली 13 फ्लाइटें प्रभावित रहीं। मुंबई से इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2442 दो घंटे से ज्यादा देरी से पहुंची। इससे पहले मुंबई एयरपोर्ट पर यात्रियों ने हंगामा किया। राजधानी में बृहस्पतिवार की सुबह कोहरा छाया रहा, इसके बाद बादलों ने डेरा डाल लिया। एक तो धूप की कमी, दूसरे चलती हवाएं गलन का अहसास कराती रहीं। वहीं शाम ढलने के बाद धीरे-धीरे कोहरा बढ़ा, हालांकि यह घना कोहरा नहीं था, लेकिन लोगों को लगा कि इस सीजन में पहली बार रात में कोहरा छाया है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, दिन के तापमान में क्रमिक गिरावट जारी रहेगी, हालांकि न्यूनतम पारे में कुछ बढ़ोतरी होगी। मौसम केंद्र पर बृहस्पतिवार दिन का तापमान 22.5 और न्यूनतम पारा 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, बादलों के कारण अधिकतम तापमान गिरेगा। एक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के संकेत मिल रहे हैं। इसके कारण मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर मंडल व दिल्ली एनसीआर के आसपास 23 को बूंदाबांदी के आसार हैं।


**खराब मौसम से 13 उड़ानें प्रभावित**

कोहरे और खराब मौसम से बृहस्पतिवार को लखनऊ आने वाली 13 फ्लाइटें प्रभावित रहीं। मुंबई से इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2442 दो घंटे से ज्यादा देरी से पहुंची। इससे पहले मुंबई एयरपोर्ट पर यात्रियों ने हंगामा किया। दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2017, गोरखपुर की 9आई 809, मुंबई की 6ई 2442, अमृतसर की 6ई 6165 समेत कई फ्लाइटें देरी से आई और गईं। उधर, एयरपोर्ट पर डिजी यात्रा सेवा है। इसमें यात्री बिना आईकार्ड दिखाए फेस रिकग्निशन से सीधे भीतर जा सकते हैं। बृहस्पतिवार को इसमें तकनीकी गड़बड़ी से यात्रियों को दिक्कत हुई। एयर इंडिया की दुबई से लखनऊ के बीच की फ्लाइट संख्या आईएक्स 194 तकनीकी कारणों से निरस्त हो गई।

# सती मेला का आज से होगा शुभारंभ

## पुलिस प्रशासन ने कसी कमर

द अचीवर टाइम्स निर्मल सैनी



भव्य तरीके से सजा मंदिर



मेला संस्थापक अतुल कुमार सिंह



थाना प्रभारी राजेश कुमार त्रिपाठी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विकासखंड काकोरी की ग्राम पंचायत थावर के बरुआ गांव में स्थित मां सती देवी का मेला आज से शुरू होगा।आपको बता दें कि इस मेले में दूर दराज से भक्तगण आते हैं तथा माता के दरबार में मत्था टेकते हैं। जानकारी के मुताबिक अट्ठारह सौ सत्तावन से लगने वाला श्री सती देवी मेला गत वर्षो की भांति यह अगहन की द्वादशी से शुरू होता है। मेले में सबसे ज्यादा लकड़ी की सामान बिकने आती है।और हर प्रकार की वस्तुएं बिकती है ।सती देवी सन् अट्ठारह सौ सत्तावन में चिता लगाकर स्वयं जलकर भस्म हो गई थी तब से आज भी उनके पग चिन्हों पर मेला लगता है उनकी पावन धरती पर नर - नारी आज भी चरण वंदन करने आते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।क्षेत्रवासी सहित दूर- दराज के लोग भी अपना मंदिर में मत्था टेकने आते हैं ।मेला की व्यवस्था सती जी के वंशज अतुल कुमार सिंह सपरिवार देखरेख करते हैं। सती जी के वंशज अतुल कुमार ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि मां के दरबार में यदि कोई भी भक्त सच्चे मन से उनकी पूजा-अर्चना करता है तो मां उसकी मनोकामना को अवश्य पूरा करती हैं। यही वजह है कि केवल शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से ही नहीं बल्कि दूर-दराज से भी मां के दर्शन और उनके दरबार में मत्था टेकने के लिए यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचती है। मां में अपार श्रद्धा रखने वाले श्रद्धालु यहां हाजिरी लगाने के लिए आते हैं। ऐसी मान्यता है कि मां के दरबार में यदि कोई भी भक्त सच्चे मन से उनकी पूजा-अर्चना करता है तो मां उसकी मनोकामना को अवश्य पूरा करती हैं।

**प्रशासन ने कसी कमर**

थाना प्रभारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मेले में सुरक्षा कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है।उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले मनचले युवकों और अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए मेले में सादी वर्दी में भी पुलिस तैनात रहेगी। उन्होंने कहा कि जब तक मेला शांति पूर्ण समाप्त नहीं हो जाता तब तक पुलिस प्रतिदिन मेले में मौजूद रहेगी।


# रकम लेकर फ्लैट न देने पर अंसल पर तीन गुना जुर्माना, राज्य उपभोक्ता आयोग का फैसला

संवाददाता



**लखनऊ।** फ्लैट की कीमत लेकर आवंटन न करना रीयल इस्टेट कंपनी अंसल को भारी पड़ गया। राज्य उपभोक्ता आयोग ने अंसल को मूल रकम 17 लाख रुपये के अलवा उस पर नौ साल का ब्याज और 15 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश सुनाया। फ्लैट की कीमत लेकर आवंटन न करना रीयल इस्टेट कंपनी अंसल को भारी पड़ गया। राज्य उपभोक्ता आयोग ने अंसल को मूल रकम 17 लाख रुपये के अलवा उस पर नौ साल का ब्याज और 15 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश सुनाया। मामले की सुनवाई आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार और सदस्य राजेन्द्र सिंह ने की। अमेठी निवासी आशीष कुमार सिंह और भावना सिंह ने उपभोक्ता आयोग में अंसल प्रापर्टीज के खिलाफ वाद दायर किया था। उनका कहना था कि सुशांत गोल्फ सिटी में पाइनवुड अपार्टमेंट में फ्लैट बुक किया था। इस संबंध में छह मार्च 2014 को एग्रीमेंट किया गया था। छह साल पूरा होने के बाद भी फ्लैट का कब्जा नहीं मिला। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति ने अंसल प्रापर्टीज के खिलाफ फैसला दिया कि वादी को 17.15 लाख रुपये भुगतान की तारीख से 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ अदा करें। ये रकम करीब 21 लाख रुपये अतिरिक्त होती है। इसके अलावा अत्यधिक विलंब के लिए पांच लाख, मानसिक अवसाद के लिए पांच लाख और सेवा में कमी के लिए पांच लाख यानी कुल 15 लाख रुपये कंपनी को देना होंगे। ये भुगतान 60 दिन के अंदर करना होगा।

# एक डॉक्टर के नाम पर कई अस्पताल चलाने वालों पर कसेगा शिकंजा



संवाददाता

**लखनऊ।** दरअसल, विभिन्न क्षेत्रों में एक ही डॉक्टर द्वारा चार से पांच अस्पतालों में कार्य करने की शिकायतें मिल रही हैं। कई ऐसी भी शिकायतें आई हैं, जिसमें डॉक्टर का सिर्फ नाम होता है, जबकि निजी अस्पताल में सर्जरी कोई और करता है। एक डॉक्टर के नाम पर कई अस्पताल चलाने के मामले में शासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अब सभी निजी अस्पतालों को बोर्ड पर डॉक्टरों से लेकर स्टाफ नर्स तक के नाम लिखने होंगे। जिन्होंने नहीं लिखा है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने सभी सीएमओ से रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, विभिन्न क्षेत्रों में एक ही डॉक्टर द्वारा चार से पांच अस्पतालों में कार्य करने की शिकायतें मिल रही हैं। कई ऐसी भी शिकायतें आई हैं, जिसमें डॉक्टर का सिर्फ नाम होता है, बकि निजी अस्पताल में सर्जरी कोई और करता है।

ऐसी शिकायतों के मद्देनजर सभी अस्पतालों को डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट के नाम, पंजीयन और वहां होने वाली जांच सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद भी ज्यादातर अस्पतालों में डॉक्टरों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इस पर स्वास्थ्य महानिदेशालय ने सभी सभी डीएम एवं सीएमओ को नए सिरे से निर्देश दिए हैं कि पंजीकृत हर अस्पताल की जांच की जाए। जो भी अस्पताल पंजीकृत हैं 45 दिन के अंदर उसका नाम, पता, स्वामित्व प्रभारी का नाम, उपचार की पद्धति, डॉक्टर, नर्स और फार्मासिस्ट का नाम, उसकी पंजीयन संख्या आदि अस्पताल परिसर में 15 वर्गफुट के बोर्ड पर लगाया जाए। इसे एनआईसी पोर्टल पर भी अपडेट किया जाए।

**बोर्ड लगाने की होगी रैंडम जांच**

यह भी निर्देश दिया गया है कि संबंधित जिले में अस्पतालों की सूची तैयार कराकर मुख्यालय भेजी जाए। सीएमओ यह सुनिश्चित करें कि उनके जिले में शत प्रतिशत अस्पतालों में डिस्प्ले बोर्ड लग गया है। सीएमओ से आने वाली रिपोर्ट के आधार पर संबंधित जिलों में मुख्यालय की टीम रैंडम जांच करेगी। जिन अस्पताल का नाम सूची में होगा और वहां जांच के दौरान बोर्ड नहीं मिला तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय अलीगंज में स्पोर्ट्स मीट का समापन







संवाददाता

**लखनऊ।** 22 दिसम्बर 2023 को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल का खेल का मैदान जोश, जुनून और उत्साह से भरा हुआ था। छात्रों ने परेड, 100 मीटर रेस , टग ऑफ वार जैसे खेल कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की। उन्होंने अपने ऊर्जावान प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों का मनोबल बढ़ाने के लिए स्कूल के संयुक्त प्रिंसिपल श्री मनोज कुमार तिवारी सर और सभी शिक्षक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये। मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित किया. उन्होंने बच्चों के जीवन में खेल के महत्व पर ेर दिया। लगभग सभी खेल आयोजनों में लड़कियों को भाग लेते देखकर वह बहुत प्रसन्न हुईं। उन्होंने स्कूल की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए स्कूल प्रिंसिपल मनोज कुमार तिवारी सर की भी सराहना की। खेल दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## सम्पादकीय

# इंडिया गठबंधन को स्वीकार नहीं राहुल का नेतृत्व

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडिया की चौथी बैठक दिल्ली में संपन्न हो गई। इस बैठक से उम्मीद थी कि गठबंधन अपना संयोजक या फिर प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई निर्णय ले सकता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। लेकिन इस बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे। इस मसले पर भले ही कोई फैसला नहीं हुआ, लेकिन ममता और केजरीवाल ने राहुल की पीएम पद की दावेदारी को तो डाउन कर दिया।

बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी। इसके बाद बेंगलुरु और मुंबई में दूसरी और तीसरी बैठक हुई। लगभग छह महीने में गठबंधन की चार बैठकें हुई। पहली बैठक से ही कांग्रेस अपने को ऐसे पेश कर रही थी कि, विपक्षी दल उसके प्रयासों से एकजुट हुए हैं। कांग्रेस ने हर बैठक में अपना हाथ और एजेंडा ऊपर रखा। कांग्रेस ने ऐसे प्रोजेक्ट किया कि इस गठबंधन को लीड करेगी और राहुल गांधी  गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा होंगे। गठबंधन में शामिल कई दल राहुल गांधी के चेहरे और नाम पर सहमत नहीं थे। वो स्वयं को प्रधानमंत्री पद का सशक्त दावेदार समझते हैं।

कर्नाटक में शानदार जीत के बाद कांग्रेस का उत्साह सातवें आसमान पर था। 13 मई को कर्नाटक चुनाव नतीजों के ठीक एक महीना दस दिन बाद यानी 23 जून को विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक हुई। पहली बैठक में ही संयोजक, सीट शेयरिंग आदि मुद्दों पर सुगबुगाहट शुरू हो गई थी। विपक्षी पार्टियों के नेताओं की दूसरी बैठक जुलाई को बेंगलुरु में हुई थी जहां गठबंधन का नाम इंडिया गठबंधन होगा, इस बात का ऐलान किया गया था। गठबंधन की तीसरी बैठक शिवसेना की मेजबानी में इस साल 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में हुई थी। इस बैठक में गठबंधन की कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन हुआ था। कोऑर्डिनेशन कमेटी की भी एक बैठक हुई थी। हालांकि, वह बैठक पांच राज्यों के चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले हुई थी। इन तीन बैठकों में कांग्रेस जानबूझकर सीट शेयरिंग और संयोजक के नाम के अहम मुद्दे का टालती रही। कांग्रेस की मंशा यह थी कि पांच राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव के बाद इन मसलों पर बात की जाएगी। असल में कांग्रेस को पूरी उम्मीद थी कि कर्नाटक की भारी जीत और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से उसके पक्ष में माहौल बना हुआ है, और वो इन राज्यों में शानदार जीत हासिल करेगी। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद उसका पलड़ा भारी होगा और वो अपने शर्तों के हिसाब से गठबंधन में शामिल दलों से तमाम मुद्दों पर तोल-मोल कर सकेगी। लेकिन कांग्रेस की चालाकी, रणनीति और हथकंडे फेल साबित हुए। और हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से उसका सफाया हो गया। तेलंगाना में कांग्रेस को जीत तो मिली लेकिन तीन राज्यों की हार ने इस जीत का मजा किरकिरा कर दिया। बीती 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा हुई। उसी दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडी अलायंस की बैठक की चौथी बैठक की घोषणा की। लेकिन ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार ने कोई न कोई बहाना लगाकर बैठक में आने से इंकार कर दिया। असल में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों समाजवादी पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय लोकदल में सीटों के बंटवारे को लेकर तनातनी हुई थी। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेताओं के बीच शर्मनाक बयानबाजी खूब चर्चा में रही थी। कांग्रेस के इस व्यवहार से घटक दलों में रोष व्याप्त था। इसलिये 6 दिसंबर की बैठक को कांग्रेस को टालना पड़ा था। विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस भी सातवें आसमान से सीधे जमीन पर आ गिरी। चुनाव नतीजों के बाद से ही उसके तेवर ढीले हैं। अब वो घटक दलों के साथ सहयोग और साथ चलने की कसमें खा रही है, लेकिन उसके रवैये से घटक दल चौकन्ने हैं। वो कांग्रेस के साथ चलना चाहते हैं लेकिन अपनी शर्तों के आधार पर। चूंकि गठबंधन में शामिल हर दल का नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार मानता है, ऐसे में संयोजक और प्रधानमंत्री के चेहरे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पा रहा है। खरगे के नाम का समर्थन करने का सीधा मतलब है राहुल के नाम और चेहरे को खारिज करना। कांग्रेस भी सारी कहानी को बखूबी समझ रही है। लेकिन विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद उसमें उतना दम नहीं बचा कि वो गठबंधन में शामिल दलों पर प्रेशर बना सके। चूंकि कांग्रेस का मतलब गांधी परिवार ही है तो ऐसे में गठबंधन के दलों ने खरगे का नाम का प्रस्ताव करके सीधेतौर पर गांधी परिवार को ही खारिज किया है। रही बात सीट शेयरिंग की तो वो बड़ा पेचीदा मसला है। यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में क्रमशः 80, 40, 42, 13 और 7 कुल मिलाकर 182 संसदीय सीटें आती हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड, पंजाब  और दिल्ली में आम आदमी पार्टी और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का प्रभाव है। सपा और तृणमूल कांग्रेस अपने राज्यों में कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने के मूड में नहीं हैं। क्षेत्रीय दल अपने प्रभाव क्षेत्र में किसी दूसरे दल पांव पसारने का मौका नहीं देना चाहते हैं। कर्नाटक और तेलंगाना में मुस्लिम वोटरों के कांग्रेस के प्रति झुकाव को देखते हुए ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव काफी चौकन्ने हो गए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि गठबंधन की चौथी बैठक में राहुल गांधी को लेकर इंडिया गठबंधन की असहजता अब खुलकर सामने आने लगी है। इंडिया गठबंधन के भीतर यह बात बेहद चर्चा में है कि राहुल गांधी की वजह से मुद्दों में भटकाव होता है और बीजेपी को फायदा पहुंचता है। हालिया विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जनता को मुफ्त योजनाओं का लालच दिया, जाति जनगणना का वादा किया, अदानी का मुद्दा उठाया, सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला किया, लेकिन हिंदी पट्टी के जिन तीन राज्यों में कांग्रेस और भाजपा की सीधी टक्कर थी, वहां नतीजे उसके पक्ष में नहीं गये। जनता ने राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया। जनता को कांग्रेस के वादों से ज्यादा पीएम मोदी की गारंटी पर ज्यादा भरोसा जताया। पिछले दो दशकों के राजनीतिक करियर में राहुल गांधी के बायोडाटा में सफलता से ज्यादा असफलता की कहानियां दर्ज हैं। अधिकांष देशवासी राहुल को गंभीर और सकारात्मक सोच वाला नेता नहीं मानते। नतीजतन प्रधानमंत्री पद के लिए राहुल गांधी पीएम मोदी के सामने कमजोर उम्मीदवार दिखाई देते हैं। शरद पवार, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे और इंडी अलायंस में शामिल लगभग हर नेता प्रधानमंत्री बनने का सपना देखता है। चूंकि कांग्रेस समेत गठबंधन में शामिल किसी दल की अपने बलबूते बीजेपी से मुकाबला करने की ताकत नहीं है। इसलिए मजबूरी में ये सभी दल एक बैनर तले इकट्ठे हुए हैं। खरगे के बयान के बाद यह तो तय हो ही गया है कि गठबंधन किसी का नाम पीएम के तौर पर घोषित नहीं करेगा। मतलब गठबंधन के सभी दलों के नेता लोकसभा चुनाव के नतीजों के ऐलान तक प्रधानमंत्री बनने का सपना देख सकते हैं।

# शरणार्थियों की मुश्किलों के बीच सिर उठा रहा है एक सियासी संकट

पाकिस्तान में लगभग 40 लाख अफगानी नागरिक हैं, जिनमें 17 लाख अवैध रूप से रह रहे हैं। उन्हें निकालने के लिए पाकिस्तान में जोरदार अभियान चल रहा है। जो पाकिस्तान नहीं छोड़ना चाहते, उन्हें जबर्दस्ती भेजा जा रहा है। प्रतिदिन लगभग 10 हजार अफगानी सामान बांधकर परिवार सहित अफगानिस्तान लौट रहे हैं। पाकिस्तानी हुकूमत ने उन्हें एक नवंबर तक देश छोड़ने की चेतावनी दी थी। इसे अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने खारिज करते हुए कहा कि उसके नागरिकों के साथ हो रही बदसलूकी को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान की घरेलू समस्याओं के लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं। एक समय ऐसा भी था, जब पाकिस्तान ने अफगानियों के लिए अपने दरवाजे खोल दिए थे। शुरू में जो शरणार्थी कैंपों में रहते थे, वे पूरे मुल्क में फैल गए। इनमें बहुत से ऐसे भी थे, जिन्होंने ईमानदारी से रोजी-रोटी कमाई, लेकिन कुछ ऐसे भी थे, जो गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त थे। हथियारों एवं मादक पदार्थों की तस्करी में उन लोगों का बड़ा हाथ था। गौरतलब है कि पाकिस्तान की माली हालत बहुत बदहाल है। उसके अपने नागरिकों को गुजर-बसर करने में मुश्किल हो रही है, ऐसे में शरणार्थियों की इतनी बड़ी भीड़ का खर्च वहन करना उसके लिए बड़ी समस्या है। अफगानिस्तान में जो तालिबान की जंग शुरू हुई, तो उसे पाकिस्तान ने अपनी जंग मान ली। अफगान तालिबान और तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के गहरे संबंध हैं, जो मिलकर पाकिस्तान में मिलकर बम धमाके कर रहे हैं। दरअसल अफगानी तालिबान सीमा पार करके पाकिस्तान में दाखिल हो जाते हैं और वहां हिंसक कार्रवाइयों को अंजाम देकर लौट जाते हैं। टीटीपी चाहता है कि पाकिस्तान में भी अफगानिस्तान की तरह शरीयत इस्लामी राज लागू कायम हो। इसी साल पाक में 24 बम धमाके हुए, जिसमें अफगान नागरिकों की भूमिका सामने आई। वे लगभग डेढ़ दशक से पाकिस्तान के खिलाफ लड़ रहे हैं। हाल ही में उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में पुलिस मुख्यालय पर आतंकी हमला हुआ, जिसमें 23 पुलिस वाले मारे गए और इसी क्षेत्र में हुई एक अन्य घटना में कई सैनिकों की जान चली गई। ये दोनों घटनाएं इसकी ताजा मिसाल हैं।

पाकिस्तान ने तस्करी बंद करने के लिए अफगान ट्रांजिट समझौते पर रोक भी लगा दी है। ऐसे 12 पदार्थ हैं, जो पाकिस्तान से अफगानिस्तान में नहीं जा सकते। इनमें चाय की पत्ती, कॉस्मेटिक, ताजा फल आदि शामिल हैं, जिससे अफगानियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। काबुल में तालिबानी शासन के दौरान यह व्यापारिक समस्या शुरू हुई है। अफगानिस्तान नागरिकों को उस समय वापस भेजा जा रहा है, जब उन्हें अपने भविष्य का पता नहीं है। उन्हें यह भी पता नहीं कि उनके खाने-पीने की जरूरी चीजें कहां से उपलब्ध होंगी या वे उन्हें मिलेंगी भी या नहीं। जो पहले से वहां रह रहे हैं, उनमें से अधिकांश भुखमरी का सामना कर रहे हैं। अफगान नागरिकों को करोड़ों डॉलर मदद की जरूरत है। उधर वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने साफ कह दिया है कि उसके पास फंड की कमी है, इसलिए अब उन्हें मदद जारी नहीं रखी जा सकती। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान से अफगानिस्तान नागरिकों को बाहर निकलना मानव अधिकारों का गंभीर हनन है। अफगानिस्तान पहले ही गंभीर मानवीय संकट से गुजर रहा है। वहां महिलाओं व लड़कियों को छठी से कक्षा से आगे पढ़ने पर रोक लगा दी गई है और वे नौकरी भी नहीं कर सकतीं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सदियों से भाईचारे के रिश्ते हैं, लेकिन शरणार्थी मुद्दे को लेकर दोनों मुल्कों के रिश्तों में खटास आ गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक किसी देश ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। अफगानिस्तान आज जिस बदहाली का शिकार है, वह पाकिस्तान समेत उसके तमाम पड़ोसियों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को इस मसले पर संजीदगी से ध्यान देना चाहिए, अन्यथा आगे चलकर क्षेत्र की शांति के लिए खतरा पैदा हो सकता है। अफगानिस्तान की कार्यवाहक तालिबान सरकार ने अगर मुल्क में फैली दहशतगर्दी को बंद करके हालात पर काबू नहीं पाया और पड़ोसी देशों से अच्छे संबंध नहीं बनाए, तो मुल्क उनके हाथ से निकल सकता है।

# नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए तत्काल सुधार जरूरी

केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार, देश भर के विभिन्न न्यायालयों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। इनमें से 85 प्रतिशत से अधिक मामले जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित हैं। बढ़ते मामलों का नकारात्मक प्रभाव आम लोगों तक न्याय की उपलब्धता पर पड़ता है। इसमें तत्काल सुधार जरूरी है। वैसे तो न्याय सभी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का एक अनिवार्य गुण है, पर भारत में इसका महत्व समानता और स्वतंत्रता जैसे मूल्यों से कहीं अधिक है। इसका कारण यह है कि भारत के संविधान में लोकतांत्रिक मूल्यों और समाजवादी सिद्धांतों के बीच संतुलन बनाया गया है। इस बारे में ऐसा कहना बेहतर होगा कि भारत में व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा के लिए वितरण न्याय को सबसे महत्वपूर्ण उपकरण बनाया गया है। संसाधनों का आवश्यकतानुसार वितरण भारत का सांविधानिक लक्ष्य है। संविधान की उद्देशिका में न्याय का जो उल्लेख है, उससे यही सिद्ध होता है कि सामाजिक-आर्थिक न्याय दिए बिना राजनीतिक न्याय (अधिकारों की रक्षा) का कोई औचित्य नहीं है। अब प्रश्न यह है कि न्याय की मंशा क्या हो? इस बारे में ऐसा कहना समीचीन होगा कि हालांकि न्याय सदैव निष्पक्ष होना चाहिए, लेकिन अगर यह विलंबित हो, तो जमीनी स्तर पर अर्थहीन हो जाएगा। न्याय में विलंब का एक बड़ा और अत्यंत महत्वपूर्ण कारण अदालतों में लंबित मामलों का बढ़ता बोझ है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार, बीते जुलाई तक देश भर के विभिन्न न्यायालयों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित थे। इनमें से 85 प्रतिशत से अधिक मामले जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित थे। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के अनुसार, 14 जुलाई तक उच्च न्यायालयों में 60.62 लाख मामले लंबित थे और अधीनस्थ न्यायालयों में 4.41 करोड़ मामले लंबित थे। इंटीग्रेटेड केस मैनेजमेंट सिस्टम से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, एक जुलाई तक उच्चतम न्यायालय में 69,766 मामले लंबित थे। हालांकि हाल ही में भारत के प्रधान न्यायमूर्ति ने मामलों के निपटारे के प्रति उच्चतम न्यायालय के दायित्व का हवाला देते हुए यह कहा है कि गत वर्ष देश के सर्वोच्च न्यायालय ने लगभग 50 हजार मामलों का निपटारा किया और लगभग इतने ही मामले दर्ज किए गए। यानी गत वर्ष सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों की संख्या में इज़ाफा नहीं हुआ। प्रधान न्यायमूर्ति ने यह भी कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय में एक समय में एक से अधिक सांविधानिक पीठ बनाई गई, ताकि बड़ी संख्या में लंबित सांविधानिक मामलों का निपटारा किया जा सके। उच्चतम न्यायालय ने 1979 में ही हुसैन आरा खातून बनाम बिहार राज्य मामले में त्वरित सुनवाई के अधिकार को मान्यता देते हुए उसे संविधान के अनुच्छेद 21 में जीवन के अधिकार में शामिल किया था। न्यायालय ने कहा था कि त्वरित सुनवाई आपराधिक न्याय तंत्र का मूल तत्व है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि सुनवाई में देरी अपने आप में किसी व्यक्ति को न्याय से वंचित करना है। विश्व में सबसे पहले 1215 में मैग्ना कार्टा की धारा 40 में यह उल्लेख किया गया था कि %हम किसी को न्याय के अधिकार से वंचित या विलंबित नहीं करेंगे।% चूंकि मैग्ना कार्टा मानवाधिकारों का पहला वैश्विक चार्टर है, अतः न्याय उपलब्धता में विलंब से मानवाधिकारों का भी उल्लंघन होता है। इसी प्रकार, अमेरिकी संविधान के छठे संशोधन, 1791 में भी त्वरित सुनवाई का उल्लेख है। इसमें कहा गया है कि सभी आपराधिक मामलों में राज्य और जिले कि निष्पक्ष जूरी द्वारा अभियुक्त के त्वरित सुनवाई के अधिकार का संरक्षण किया जाएगा। कुल मिलाकर, यह कहना उचित है त्वरित न्याय या सुनवाई का सीधा संबंध लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवाधिकारों की गरिमा से है। अब यदि न्यायाधीशों की संख्या पर गौर करें, तो केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री ने यह जानकारी दी है कि लंबित मामलों की संख्या कम करने और सुनवाई में तेजी लाने के लिए न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या बढ़ा दी गई है। पिछले नौ वर्षों में उच्चतम न्यायालय में 56 न्यायाधीशों की नियुक्ति हुई। इसी प्रकार, उच्च न्यायालयों में 919 नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई और 653 अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी किया गया। उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 2014 में 909 थी, जिसे बढ़ाकर  अब 1,114 कर दिया गया है। दूसरी ओर, जिला और अधीनस्थ अदालतों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 2014 में 19,518 थी, जिसे अब बढ़ाकर 25,246 कर दिया गया है। जहां तक न्यायाधीश-जनसंख्या अनुपात की बात है, तो भारत में प्रति दस लाख की जनसंख्या पर 21 न्यायाधीश हैं। भारत के विधि आयोग ने यह सिफारिश की है कि यह अनुपात प्रति दस लाख की जनसंख्या पर 50 जज होना चाहिए। निम्न अनुपात के कारण स्वाभाविक रूप से न्यायाधीशों पर कार्य का बोझ बढ़ता है, जिससे न केवल न्यायिक कार्यकुशलता प्रभावित होती है, बल्कि त्वरित सुनवाई का अधिकार भी बाधित होता है। सरकार द्वारा न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने से निश्चित रूप से न्यायिक कार्यकुशलता बढ़ेगी और न्याय की त्वरित उपलब्धता में भी सहायता मिलेगी।

# खाद्य सुरक्षा, स्वस्थ आहार की लागत और पोषण के लिए विविधता की जरूरत

केंद्र द्वारा चलाई गई मुफ्त राशन योजना 80 करोड़ से ज्यादा लोगों की मदद कर रही है। पर पोषण के लिए आहार में विविधता की जरूरत होती है। दुनिया जिन विविध संकटों का सामना कर रही है, उनमें पर्यावरणीय, सामाजिक, तकनीकी एवं आर्थिक संकट प्रमुख हैं। इनका संयुक्त प्रभाव भविष्य में अधिक तीव्रता के साथ अप्रत्याशित झटकों का कारण बन सकता है। ऐसे में कई विशेषज्ञों का कहना है कि भारत उच्च विकास दर और मध्यम दर्जे की मुद्रास्फीति के साथ नए वर्ष 2024 में प्रवेश कर रहा है। मगर आशावादियों को भी मानना होगा कि भारत बेशक प्रगति की राह पर अग्रसर है, पर आम लोगों को अपनी वास्तविक क्षमता का उपयोग करने का अवसर प्रदान करने के लिए अभी हमें लंबा रास्ता तय करना होगा। हमारे भविष्य की तस्वीर इसी बात पर निर्भर करेगी कि हम किन चीजों पर बात करते हैं, हमारी प्राथमिकताएं क्या हैं। हाल के दशकों में भारत ने महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति की है, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि देश के एक बड़े वर्ग को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। जब हम



भविष्य की तरफ देखते हैं, तो कई सवाल खड़े होते हैं। एक महत्वपूर्ण मुद्दा भोजन है। हम आज जो खाते हैं, वह व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर हमारे भविष्य से जुड़ा हुआ है। हालांकि शहरी भारत में बढ़ते मोटापे और इसके परिणामस्वरूप जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों को काफी महत्व दिया जाता है, पर सच्चाई यह है कि कुल मिलाकर हम अल्पपोषित लोगों का देश हैं। इस अल्पपोषण का प्रभाव स्वास्थ्य एवं पोषण से परे आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर भी पड़ता है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा एशिया ऐंड पैसिफिक-रीजनल ओवरव्यू ऑफ फूड सिक्योरिटी ऐंड न्यूट्रीशन, 2023 शीर्षक से जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि भोजन, चारा और ईंधन की कीमतों और वैश्विक महामारी से उबरने की धीमी गति ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले से ही कमजोर लाखों लोगों के स्वास्थ्य एवं आजीविका को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। एफएओ की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में दक्षिण एशिया में ऐसे लोगों की संख्या सर्वाधिक (1.4 अरब) थी, जो स्वस्थ आहार का खर्च वहन नहीं कर सकते थे। भारत में वर्ष 2020 में 76.2 फीसदी लोग स्वस्थ भोजन का खर्च उठाने में असमर्थ थे। हालांकि 2021 में स्थिति थोड़ी सुधरी, लेकिन तब भी 74.1 फीसदी भारतीय स्वस्थ एवं पोषक आहार पाने में असमर्थ थे। अगर हम एक विकसित राष्ट्र बनना चाहते हैं, तो हमें खुद को बेहतर देशों से बेहतर बनने की कोशिश करनी चाहिए, न कि अपने से खराब या दक्षिण एशिया के अन्य देशों से तुलना करनी चाहिए। हम पद्धतियों और परिभाषाओं पर बहस कर सकते हैं, लेकिन जब तक हम यह स्वीकार नहीं करते कि हर भारतीय को स्वस्थ आहार उपलब्ध कराने के लिए हमें जमीनी स्तर पर बहुत काम करना होगा, जब तक हम अपने भविष्य को कमजोर करते रहेंगे। मोदी सरकार द्वारा चलाई गई मुफ्त राशन योजना 80 करोड़ से ज्यादा लोगों की मदद कर रही है। इसने बहुत से लोगों को भुखमरी और अकाल से दूर किया है। लेकिन बच्चों और वयस्कों को बढ़ने और विकास करने के लिए आहार में विविधता की जरूरत होती है। उन्हें प्रोटीन और सूक्ष्म पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। कटु सच्चाई यह है कि अधिकांश भारतीय (चाहे वे शाकाहारी हों या मांसाहारी) स्वस्थ आहार नहीं लेते हैं, क्योंकि वे इसका खर्च वहन नहीं कर सकते। कितने भारतीय पर्याप्त मात्रा में और नियमित रूप से फल, दूध, हरी पत्तेदार सब्जियां, मेवे आदि खरीद सकते हैं? भारत आर्थिक रूप से विकास कर रहा है, लेकिन उस विकास का लाभ सभी लोगों तक नहीं पहुंच रहा है। लाखों लोग खाद्य-असुरक्षा का सामना करते हैं, क्योंकि वे उतना कमा नहीं पाते कि घर के सभी सदस्यों के लिए स्वस्थ आहार का खर्च वहन कर सकें। बेशक यह सिर्फ भारत के लिए नहीं, बल्कि कई देशों के लिए सच है। चाहे कोई भी पार्टी चुनाव में जीतकर सत्ता में आए, हमें इसे गंभीरता से लेना चाहिए। यह देश के प्रत्येक राज्य के लिए स्वागत योग्य कदम होगा कि वे स्वस्थ आहार की लागत का पता लगाएं और फिर स्वस्थ आहार के विकल्पों को सुलभ एवं किफायती बनाने के लिए विभिन्न मोर्चों पर पहल करें। किफायती स्वस्थ आहार के बारे में व्यापक जन जागरूकता भी जरूरी है।

## जन-जन का सपना बने विकसित भारत

आज करीब 140 करोड़ की आबादी वाला भारत आज सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश है। 29 वर्ष की आयु वाले युवाओं की सर्वाधिक आबादी यहां बसती है। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट ‘भारत में युवा-2022’ के अनुसार 2011 में भारत में युवा आबादी 33.34 करोड़ थी जिसके 2036 तक 34.55 करोड़ हो जाने की संभावना है। बद्री नारायण। देश के लगभग सभी राजभवनों में कुलपतियों एवं शैक्षिक संस्थानों के प्रमुखों की हाल में कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इन कार्यशालाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। इसका उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के जिस अभियान पर भारत सरकार कार्यरत है, उसे रचने एवं विकसित करने में युवाओं एवं छात्रों के विचारों और सुझावों के संकलन के लिए एक नए अभियान का सूत्रपात करना है। इसके लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की पहल पर कुलपतियों एवं शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों की यह कार्यशाला आयोजित की गई, ताकि संस्थान प्रमुख इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपनी कार्ययोजनाएं बना सकें। ये कार्ययोजनाएं शिक्षा संस्थानों के परिसरों में विमर्श सभा, विचार गोष्ठी एवं कार्यशालाओं के आयोजन की दिशा में संयोजित की जाएंगी।

# अन्नदाता किसानों को समर्पित डॉ सत्यवान सौरभ की नई किताब ‘खेती किसानी और पशुपालन

दोहे, कहानी, कविता, संपादकीय लिखने वाले डॉ सत्यवान सौरभ का जन्म बड़वा भिवानी हरियाणा में हुआ। ये वर्तमान दौर के युवा स्वतंत्र पत्रकार हैं तथा आकाशवाणी और टीवी पेनालिस्ट है। इसलिए उनकी रचनाएं सामयिक घटनाओं व प्रसंगों से प्रेरित होती हैं तथा उनकी रचनाएं देश भर के अखबारों में में प्रतिदिन अनिवार्य उपस्थिति रहती है।  कृषि और पशुपालन उत्पादन तेजी से परिवर्तन के दौर में है जिसमें जैव प्रौद्योगिकी, सिंथेटिक रसायन विज्ञान, जैविक रसायनों और जैव कीटनाशकों के उपयोग में वृद्धि देखी गई है। इन विषयों को अनुप्रयोग प्रौद्योगिकी, डिजिटल खेती और बड़े डेटा के उपयोग में सुधार के साथ एकीकृत किया गया है। संभावित पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करते हुए, ये प्रगति नई पर्यावरणीय चिंताओं को भी बढ़ाती है। यह पुस्तक कृषि और पशुपालन उद्योग में होने वाले परिवर्तनों का एक सिंहावलोकन प्रदान करती है, प्रभावों को संबोधित करने के अवसरों पर प्रकाश डालती है और प्रौद्योगिकी को अपनाने में संभावित बाधाओं का संकेत देती है। इस नए संस्करण को जैविक खेती और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों सहित कृषि विकास में नवीनतम को शामिल करने के लिए अद्यतन किया गया है। यह छात्रों और शिक्षाविदों के साथ-साथ किसानों और जमींदारों और कानून में काम करने वालों के लिए भी रुचिकर है।

डॉ सत्यवान सौरभ का आज के हिंदी लेखकों में प्रमुख स्थान है। तितली है खामोश उनका चर्चित दोहा संग्रह है। ये गत 18 वर्षों से लेखन और संपादन में सक्रिय हैं। आपकी रचनाओं से देश-विदेशों में लिखे जा रहे साहित्य को एक नया आयाम मिला है। उनकी ताजा कृति प्रज्ञान बाल काव्य संग्रह के तुरंत बाद नव समसामयिक निबंध संग्रह ‘खेती किसानी और पशुपालन’ आया है जो कि देश के किसानों के संघर्ष और वर्तमान दौर में उनसे जुड़ी समस्याओं का एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। ‘खेती किसानी और पशुपालन’ को नोशन प्रकाशन, चेन्नई ने प्रकाशित किया है। कुल 180 पेज की इस पेपरबैक कृति का मूल्य 250रुपए है। पुस्तक का आवरण आकर्षक है। पुस्तक में कुल 50 निबंध हैं। पहला निबंध ‘वन्य जीवों पर मंडराता संकट’ तथा अंतिम निबंध ‘कुदरत को पीर जोशीमठ की तस्वीर’ है।  पहले निबंध में लेखक लिखता है- हाल आज वन और वन्य जीवों का दिख रहा है उससे प्रतीत होता है कि रफ्ता-रफ्ता इंसानों ने अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए वनोन्मूलन का कार्य किया है तथा इंसान आधुनिकीकरण की आड़ में वनों और वन्यजीव संरक्षण को विस्मृत करता जा रहा है।  वनों के कटने से यह स्थिति पैदा हो रही है कि हमारे वन्यजीवों को मुनासिब आवास की व्यवस्था भी नहीं है जो उनके लिहाज से उन्हें उपयुक्त सुरक्षा प्रदान कर सके इसलिए हमारी अग्रता वन्यजीवों के लिए उपयुक्त आवास व्यवस्था और वन व वन्यजीव संरक्षण होनी चाहिए क्योंकि यही हमारे जीवन में स्वास्थ्य पर्यावरण के निर्माण के लिए नितांत अत्यावश्यक है।

हिंदुस्थान संरचनात्मक दृष्टि से गांवों का देश है और सभी ग्रामीण समुदायों द्वारा व्यापार कृषि कार्य किया जाता है इसीलिए हमारे देश को कृषि प्रधान देश की संज्ञा भी मिली हुई है। यहां लगभग 70 फीसदी लोग किसान हैं। वे देश के रीढ़ की हड्डी के समान हैं। किसान अन्नदाता के साथ देश का भाग्य विधाता भी है। चाहे स्वतंत्रता की लड़ाई हो, 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम हो, चंपारण का सत्याग्रह हो या गुजरात के बारडोली का आंदोलन, किसानों ने अंग्रेजों की चूलें हिला दी थीं, इसे डॉ सत्यवान सौरभ अच्छी तरह से जानते हैं। वे इस बात से दुखी हैं कि देश में किसान आज मुफलिसी के दौर में है। इसलिए ये कृति दुनिया के किसानों व भारत के किसानों को समर्पित की गई है। पुस्तक में किसानों खेती और पशुपालन से जुड़े मुद्दों को लिया गया हैं। मसलन डेयरी विकास और पशुधन, जड़ी-बूटियों की खेती, महंगी होती खाद, खेतों में करंट से मरते किसान, बाढ़ जोखिम,आवारा मवेशी, घटिया दाम, गायों की हो रही है दुर्दशा, वायु की गुणवत्ता, टिकाऊ हरित पर्यावरण,÷पोषण का पावरहाउस÷ बाजरा, मृदा क्षरण, भूजल उपयोग, आयुर्वेद और योग, आपदा जोखिम, पशु चिकित्सा, कृषि रोबोट,  भारत का पशुधन, भूकंप, तपती धरती, संकट में अस्तित्व, कुदरत की पीर, फूड फोर्टिफिकेशन, पोषण की कमी, सर्दियों में बिगड़ती हवा की गुणवत्ता, पर्यावरण को बचाने के लिए पंचामृत मंत्र, वैदिक संस्कृति,प्रकृति संरक्षण, जल बचत-प्रबंधन, रोजगार सृजन, अमृत सरोवर,भविष्य की जैविक कृषि, पशु चिकित्सकों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कल्याण की जरूरत, जड़ी-बूटियों की खेती बड़ा स्रोत, मोटे अनाजों को महत्व, भूजल प्रदूषण की समस्या, भुखमरी, पशु मेले पशुपालन की स्वरोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका आदि।

दोहे, कहानी, कविता, संपादकीय लिखने वाले डॉ सत्यवान सौरभ का जन्म बड़वा भिवानी हरियाणा में हुआ। ये वर्तमान दौर के युवा स्वतंत्र पत्रकार हैं तथा आकाशवाणी और टीवी पेनालिस्ट है। इसलिए उनकी रचनाएं सामयिक घटनाओं व प्रसंगों से प्रेरित होती हैं तथा उनकी रचनाएं देश भर के अखबारों में में प्रतिदिन अनिवार्य उपस्थिति रहती है।  कृषि और पशुपालन उत्पादन तेजी से परिवर्तन के दौर में है जिसमें जैव प्रौद्योगिकी, सिंथेटिक रसायन विज्ञान, जैविक रसायनों और जैव कीटनाशकों के उपयोग में वृद्धि देखी गई है। इन विषयों को अनुप्रयोग प्रौद्योगिकी, डिजिटल खेती और बड़े डेटा के उपयोग में सुधार के साथ एकीकृत किया गया है। संभावित पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करते हुए, ये प्रगति नई पर्यावरणीय चिंताओं को भी बढ़ाती है। यह पुस्तक कृषि और पशुपालन उद्योग में होने वाले परिवर्तनों का एक सिंहावलोकन प्रदान करती है, प्रभावों को संबोधित करने के अवसरों पर प्रकाश डालती है और प्रौद्योगिकी को अपनाने में संभावित बाधाओं का संकेत देती है। इस नए संस्करण को जैविक खेती और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों सहित कृषि विकास में नवीनतम को शामिल करने के लिए अद्यतन किया गया है। यह छात्रों और शिक्षाविदों के साथ-साथ किसानों और जमींदारों और कानून में काम करने वालों के लिए भी रुचिकर है। हाल के वर्षों में, खाद्य सुरक्षा, आजीविका सुरक्षा, जल सुरक्षा के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण दुनिया भर में प्रमुख मुद्दों के रूप में उभरा है, विकासशील देश इन मुद्दों से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और जलवायु परिवर्तन और वैश्वीकरण के दोहरे बोझ से भी जूझ रहे हैं। यह दुनिया भर में सभी द्वारा स्वीकार किया गया है कि सतत विकास ही आर्थिक विकास को बाधित किए बिना संसाधनों और पर्यावरण संरक्षण के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देने का एकमात्र तरीका है। दुनिया भर के विकासशील देश सतत कृषि प्रथाओं के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा दे रहे हैं जो उन्हें सामाजिक आर्थिक और पर्यावरणीय मुद्दों को एक साथ संबोधित करने में मदद करेगा। टिकाऊ कृषि की व्यापक अवधारणा के भीतर ÷एकीकृत कृषि प्रणाली÷ विशेष स्थान रखती है क्योंकि इस प्रणाली में कुछ भी बर्बाद नहीं होता है, एक प्रणाली का उपोत्पाद दूसरे के लिए इनपुट बन जाता है। मौजूदा मोनोकल्चर दृष्टिकोण की तुलना में एकीकृत खेती खेती के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण है।

**–ऋषि प्रकाश कौशिक, पुस्तक समीक्षा**

# 61 हजार का बिल नही जमा कर पाया तो बिजली कर्मचारियों ने हड़काया,ग्रामीण ने जहर खाकर दी जान

❖ विभाग के अधिकारी ने हड़काने व धमकाने की बात को नकारा,जांच के दिये निर्देश।



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** यूपी के शाहजहांपुर में 61 हजार रुपये बिजली का बिल आने पर एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पत्नी का आरोप है कि बिल निकालने के बाद कर्मचारियों ने धमकाया था।कहा था कि बिल जमा नही किया तो जेल जाना होगा।पति के पास इतने रूपये नही थे।पत्नी ने दो छोटे बेटो के पालन-पोषण के लिए मुआवजे की मांग की है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । साथ ही पत्नी ने आरोपी कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की मांग की है। थाना सिंधौली क्षेत्र के महाउ दुर्ग के रहने वाले 30 साल अवनीश के मकान में उनके चाचा रामचंद्र के नाम से बिजली का मीटर लगा है।काफी समय से बिजली का बिल जमा नही हुआ था।पत्नी का आरोप है कि बुधवार को बिजली विभाग के कर्मचारी बिल निकालने आए थे।61 हजार रुपये का बिल निकालकर उन्होंने पति को दे दिया। साथ ही कर्मचारियों ने पति को धमकाया था कि जल्द इस बिल को जमा करा दो अगर बिल जमा नही किया तो जेल जाना पड़ेगा। उसके बाद बिजली का कनेक्शन काटकर कर्मचारी चले गए।उसके बाद से पति बहुत परेशान हो गए।शाम के समय गांव में ही उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया।गांव वालों की सूचना पर जाकर उनको सीएचसी लेकर गए।वहां से उनको राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।यहां इलाज के कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई।पत्नी का आरोप है कि कर्मचारियों की धमकी से डर पति ने आत्महत्या कर ली। पत्नी का कहना है कि पति मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे।वह लोग भुमिहीन हैं।दो छोटे बेटे हैं।उनकी परवरिश के लिए उन्होंने मुआवजे की मांग की है। तो वहीं बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा ने बताया कि धमकाने व हड़काने की कोई बात नही है बिजली बिल बकाया था इसलिये बिजली कर्मचारी बिल की अदायगी के लिए गए थे।फिर भी आरोपो की जांच के लिए एसडीओ पुवायां को जांच सौंपी है।

# वर्ष 2047 तक भारत देश को विकसित करने का संकल्प

❖ जनपद के दस विकास खण्डों की बीस ग्राम पंचायतों में 23000 स्थानीय निवासियों ने किया प्रतिभाग।

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**उन्नाव।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप चल रही विकसित भारत संकल्प में विकास खण्ड सिकन्दरपुर सिरोसी के ग्राम पंचायत सिरोसी एवं ख्वाजगीपुर में विधायक सदर पंकज गुप्ता एवं जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने प्रतिभाग किया और वहां पर उपस्थित जन समूह एवं कृषकों में जो जैविक खेती करने वाले कृषक एवं रासायनिक करने वाले कृषकों के बीच कबड्डी एवं कृषि सम्बन्धी प्रश्नोंत्तरी प्रतियोगिता कराई गयी। उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त 10 सचल वाहनों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रहीं है। यह यात्रा जनपद के 10 विकास खण्डों की 20 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक दिवस संचालित की जा रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि ग्राम पंचायत में निवासित जन समूह को जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना। विकसित भारत संकल्प यात्रा की आज की कड़ी में जनपद के सिकन्दरपुर सिरोसी, सिकन्दरपुर कर्ण, सुमेरपुर, पुरवा, हसनगंज, मियाँगंज, औरास, गंजमुरादाबाद, सफीपुर, हिलौली समेत कुल दस विकास खण्डों के बीस ग्राम पंचायतों को आच्छादित किया गया। आज के आयोजन जनपद के सभी विकास खण्डों में लगभग 23000 स्थानीय निवासियों ने प्रतिभाग कर वर्ष 2047 तक भारत देश को विकसित करने का संकल्प लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान ग्राम पंचायत में निवासित ग्रामवासियों तक जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से राजस्व विभाग, सहकारिता, कृषि विभाग, स्वास्थ विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति, ग्राम्य विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, जिला अग्रणी बैंक, पशुपालन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग के तत्वावधान में संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के किसानों की ई- केवाईसी, एनपीसीआई, भू-अंकन एवं किसानों का ओपेन सोर्स के लगभग 115 किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत के 05 किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भेजे जाने का प्रमाण दिया गया। विकास खण्ड मियागंज के ग्राम पंचायत शीर्ष कन्हर में विधायक सफीपुर बम्बा लाल दिवाकर, विकास खण्ड गंजमुरादाबाद ग्राम पंचायत कुतुब नगर एवं दसगवा में विधायक बाँगरमऊ श्रीकान्त कटियार एवं जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश कटियार ने प्रतिभाग कर उपस्थित किसानों एवं जन-समुह की समस्याओं से अवगत हुए तथा जिन समस्याओं का निदान तत्काल सम्भव था उसका निदान करवाया अन्य समस्याओं का अतिशीघ्र निदान कराने का आश्वासन दिया।

# खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन ने 2 दुकानों से लिए केक के नमूने जांच हेतु भेजे लैब





द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश एवं जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जनपद टीम द्वारा महेंद्र श्रीवास्तव सहायक आयुक्त खाद्य के निर्देशन एवं सतीश कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा संदीप कुमार, ओमप्रकाश, शिवदास सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा के के सुपर ब्रेकर्स पिलखुवा हापुड से केक का एक नमूना व जोन - 2 राकेश कुमार के प्रतिष्ठान चंडी रोड हापुड़ से केक का एक नमूना लिया गया किया। इस प्रकार कुल दो नमूने संग्रहित किए गए उपरोक्त सभी नमूने को वास्ते जांच खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# एक नज़र

## गांव हरोडा में सरकारी स्कूल में अब्दुल नाम के व्यक्ति पर हजारों लोगों से अवैध वसूली का लगा आरोप,वीडियो हुई वायरल



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** सिंभावली ब्लॉक के ग्राम हरोड़ा में सरकारी स्कूल कंपोनेंट स्कूल में अब्दुल नाम का व्यक्ति पिछले 6 माह से आधार कार्ड संशोधन व नए आधार कार्ड बनाने का कार्य कर रहा है। जिसमें यह सरकारी फीस से अधिक रूपये की वसूल कर रहा है। वह ए.बी.एस.ए का नाम पर जनता को ठग रहा है और लोगों से 200 आधार कार्ड बनाने के नाम पर लेते हुए वीडियो में सुनाई दे रहा है जिस की सूचना विश्व हिन्दू महासंघ (उत्तर प्रदेश) के जिला अध्यक्ष हापुड नीरज शर्मा ने दी है। इन्होंने बताया कि ए.बी.एस.ए अधिकारी से बात की लेकिन अधिकारी इस मामले पर आरोपी पर साफ जबाब नही दे पा रहे है मोके पर पहुच कर देख एबीएस ए सर्वेश कुमार ने सेंटर पर कहा मेरे संज्ञान में नही है तथा सोशल मीडिया पर हुई वीडियो वायरल में जबकि सेंटर चालक स्पस्ट नाम ले रहा है।

## तेज रफ्तार बाइक का सन्तुलन बिगड़ने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

द अचीवर टाइम्स कुन्दन सिंह

**मियांगंज उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के सफीपुर मियांगंज मार्ग पर नहर के समीप बाइक अनियन्त्रित हो कर पलट गयी जिसमे युवक घायल हो गया ग्रामीणो की मदद् से उसे मियांगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के अहमदपुर गाँव निवासी रवि शंकर पुत्र राम कुमार उम्र 30 वर्ष बाइक में किसी काम से मियांगंज आ रहा था अभी मियांगंज सफीपुर मार्ग पर बाइक अनियन्त्रित होकर पलट गयी जिसमें युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणो ने उसे मियांगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

## ठण्ड के मद्देनजर नगर प्रशासन ने आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर जलवायें अलाव

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**फतेहपुर चौरासी- उन्नाव।** क्षेत्र में बढ़ रही सर्दी को देखते हुए नगर प्रशासन ने आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर लकड़ी डलवाकर अलाव जलवायें जिससे ठण्ड से सिकुड़ते लोगों ने राहत की सांस ली। जैसे- जैसे सर्दी बढ़ रहीं हैं लोगों की मुसीबतें भी बढ़ती जा रहीं हैं। सर्दी से राहत दिलाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश कुमार जायसवाल व अधिशाषी अधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशन में नगर पंचायत के कर्मचारी विनीत कुमार, विशाल, कृष्ण पाल आदि ने टाउन एरिया कार्यालय चौराहा, शीतला देवी चौराहा आदि समेत लगभग आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर अलाव जलवा कर नगर व क्षेत्र वासियों को राहत देने का काम किया हैं।

## बाइक से जा रहें अधेड़ व्यक्ति पर आवारा मवेशी ने किया हमला- घायल

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**फतेहपुर चौरासी- उन्नाव।** बाइक से जा रहें अधेड़ व्यक्ति पर आवारा मवेशी ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से उसे जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया हैं। सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी नगर क्षेत्र से लेकर ग्रामीणांचल तक अन्ना मवेशी लोगों के लिए समस्या बने हुए हैं। जहां क्षेत्र में किसान अन्ना मवेशियों से अपनी फसल बचाने के लिए रात- दिन खेतों की रखवाली कर रहें हैं वहीं सड़कों पर घूम रहें आवारा मवेशी आए दिन हादसों को दावत दे रहें हैं।शुक्रवार को सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव दुगौरा निवासी लगभग 55 वर्षीय गया प्रसाद किसी कार्य से बांगरमऊ की तरफ जा रहे थे अभी वह थाना क्षेत्र में कालीमिट्टी चौराहा के समीप ही पहुंचे थे तभी आवारा मवेशी ने उन पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने शोर मचाकर उसे बचाया तथा फतेहपुर चौरासी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां गंभीर हालत देख डाक्टर ने घायल को जिलाअस्पताल रेफर कर दिया हैं।

## स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगा, वितरित की गई नि:शुल्क दवाएं




द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**पुरवा- उन्नाव।** स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र की टीम द्वारा क्षेत्र के लंगरपुर स्थित सचिवालय में कैंप लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। शुक्रवार को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने स्थानीय ग्राम पंचायत के लंगरपुर के ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर क्षय एवं एचआईवी रोग हेतु परीक्षण किया। एचआईवी के लिए कुल 101 ग्रामीणों की जांच की गई लेकिन कोई पॉज़िटिव नहीं पाया गया जबकि क्षय रोग परीक्षण हेतु बलगम जांच कराने के लिए सीएचसी बुलाया गया। इस दौरान डॉ0 विनीत प्रताप सिंह, विनोद कुमार यादव डीपीसी, अनुराग वर्मा एसटीएस, काउंसलर पंकज, मो0 वसीम, विनीता मिश्रा व स्वेता सिंह आदि उपस्थित रहें।

# जाम के झाम का डंस झेल रहें नगर वासी

## चाहे गंगाघाट का नवीन पुल हो या फिर सरैयां रेलवे क्रासिंग

❖ नवीन पुल का संकरा मार्ग राहगीरों व आमज़न से लेकर वीआईपी तक को दाद में खाज के बराबर काम करता हैं।

❖ वहीं सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास संकरे रास्ते और क्षतिग्रस्त सड़क होने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती हैं।



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**शुक्लागंज- उन्नाव।** शुक्रवार सुबह करीब पौने दस बजे नवीन पुल पर संकरे मार्ग के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में फोरलेन तक वाहनों की कतारें लग गई। इसी बीच कानपुर की ओर से एक के बाद एक ई- बसें आ गई। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। भीषण जाम देख मौजूद पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत की और आड़े- तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक जाम की स्थिति बनी रहीं। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास संकरे रास्ते और क्षतिग्रस्त सड़क के कारण दिन में कई बार रुक- रुक कर जाम लगा। जाम में कानपुर, उन्नाव के वीआईपी फंसे रहें। वहीं क्रासिंग बंद होने के कारण कानपुर और उन्नाव आने- जाने वाली एम्बुलेंस भी रुकी रहीं। शाम के समय भी नवीन पुल, फोरलेन और बैराज मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहीं।

# पांच जुआरियों को जुआ खेलते पुलिस ने किया गिरफ्तार

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**शुक्लागंज- उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलायें गये अभियान के दौरान गुरूवार शाम गंगाघाट कोतवाली पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पश्चिमी चौकी क्षेत्र के चंपापुरवा पानी की टंकी के पास छापेमारी की। जहां पुलिस ने पांच जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा। इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि पकड़े गये आरोपी सीताराम कॉलानी निवासी संदीप कुमार गौतम, मनसुख खेड़ा निवासी छोटू, चंपापुरवा निवासी सत्येन्द्र निषाद, अनूप कुशवाहा, सुमित गुप्ता को पकड़ा। जिनके पास से 2350 रुपयें व ताश के पत्ते बरामद किया हैं। सभी के खिलाफ कार्यवाही की गई हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नारकोटिक्स विभाग की बैठक सम्पन्न

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नारकोटिक्स विभाग की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने ड्रग इंस्पेक्टर, आबकारी अधिकारी, समाज कल्याण विभाग तथा आईबी द्वारा की गयी कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होने जनपद में अवैध रूप से नशे का करोबार करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिये। औषधी निरीक्षक द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि टीम द्वारा निरन्तर छापेमारी कर कार्यवाही की जा रही है। गत माह में भी सूचना मिलने पर मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी कर लाइसेंस निरस्त करवाने हेतु पत्र प्रेषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मेडिकल कलेज, सहित अन्य विद्यालयों में अभियान चलाकर प्रतिबंधित दवाईयों का सेवन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश ने जानकारी देते हुये बताया कि औचक रूप से छापेमारी कर कार्यवाही की जा रही, जनपद मे कई स्थानों पर लहन आदि को नष्ट करावाया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ड्रोन द्वारा लहन, कच्ची शराब बनाये जाने के स्थानों को चिन्हित कर मैपिग करते हुये कार्यवाही की जाये। उन्होने सर्वेलाइन्स भी बढ़ाने के भी निर्देश दिये। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में निरन्तर नशे के दुष्प्रभाव तथा नशे से बचने हेतु अभियान चलाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश दिये कि स्कूलों एवं कालेजों में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए जाए एवं छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव के विषय में जानकारी दी जाये।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में मोहसिन रज़ा ने विपक्ष पर साधा निशान



द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला/संदीप मौर्या

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** विकास के लिए चलाई जा रही केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत किंतूर में पंहुची जंहा पर यात्रा का ग्रामीणों ने मुख्य अतिथियों के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। भाजपा हज कमेटी के अध्यक्ष मंत्री मोहसिन रज़ा ने लाभार्थियों आयुष्मान कार्ड किसान सम्मान निधि, आवास,एंव विधवा दिब्यांग बृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इसके बाद उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई,कराकर नवजात शिशुओं को अन्न प्रासन्न कराया जिसमें वही मेमोरियल मोंटेसरी स्कूल के बच्चों ने भक्ति गीत पर बेहतरीन प्रस्तुति की और उन्हें सर्टिफिकेट भी दिया गया हज कमेटी के अध्यक्ष भाजपा मंत्री मोहसिन रजा ने विपक्षी पार्टियों पर निशाना सदा उन्होंने कहा कि यह वह पार्टी नहीं है जो ईद के मौके पर कुर्ता पजामा पहनकर टोपी लगाकर जाए बल्कि यह वो पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास करती है तो वहीं कांग्रेस पर भी निशाना सदा उन्होंने कहा कि 70 साल हो गए इस देश को आजाद हुए लेकिन कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश को नीचे दिखाने की कोशिश की है जबकि भाजपा सरकार हमेशा सबका साथ सबका विकास करती आ रही है कि इस बार चार सौ सीटों में पूरी की पूरी चार सौ सीटें भाजपा के अकाउंट में आएंगी वहां पर आए सभी अतिथियों से मोहसिन रजा ने अपील की की अबकी बार मोदी जी का वोंट दे और उन्हें भारी भरकम जीत दिलाएं और सारी चार सौ सीटें भाजपा के खाते में लाएं तब आपके क्षेत्र और गांव के विकास के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बहेगी उसके बाद भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया गया।इस अवसर प्रधान अकरम अंसारी,प्रधान निसार मेंहदी, भाजपा अध्यक्ष संतोष पांडे, आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# साईलो फर्स्ट चौकी को साइबर थाने में तब्दील करने की कवायद हुई तेज एसपी ने किया निरीक्षण

द अचीवर टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** साईलो फर्स्ट चौकी को साइबर थाने में तब्दील करने की कवायद तेज हो गई है। अधिकारियों के निरीक्षण का दौर भी लगातार जारी है तो वही शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा थाना हापुड़ नगर की चौकी साइलो प्रथम पर प्रस्तावित साइबर अपराध थाने का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए और उम्मीद है कि जल्द ही साइबर थाना बनकर तैयार हो जाएगा जिसके चलते लोगों को अपनी समस्या का समाधान कराने में परेशानी नहीं आएगी। थाने का निर्माण काफी तेजी से चल रहा है। जिसमें एक निरीक्षक समेत कुल 20 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। जो कि हाईटेक उपकरणों से लैस होंगे और साइबर ठगो पर नकेल कसने के लिए संसाधनों से लैस होंगे। अभी तक साइबर ठग संसाधनों की कमी के कारण पुलिस से बच जाते थे लेकिन अब इनका बच निकलना आसान नहीं होगा। जिले में साइबर थाने की स्थापना के लिए तैयारियां तेजी से चल रही है। हापुड़ की मेरठ रोड पर स्थित साईलो प्रथम चौकी पर साइबर थाना बनाया जा रहा है। जिसका एसपी, एएसपी सहित अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। यहां दो दरोगा, चार महिला सिपाही,12 सिपाही तैनात किए जाएंगे। जिसमें लोगों को बैठने की भी व्यवस्था की गई है जो अपनी पीड़ा यहां आकर बता सकते हैं

# अन्ना मवेशियों से पीड़ित किसानों ने विकास खंड अधिकारी को दिया प्रार्थना पत्र

## गांव में गौशाला बनाएं जाने की उठाई मांग

द अचीवर टाइम्स संवाददाता



**नवाबगंज- उन्नाव।** नवाबगंज ब्लाक के गांव बिरसिंही मलेथा में बेसहारा पशुओं से परेशान करीब एक सैकड़ा किसान विकास खण्ड मुख्यालय आकर खण्ड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव में गौशाला बनवायें जाने की मांग की। जिससे की इन सर्दियों में खेतों के बजाय वो लोग भी घर पर सो सके। खण्ड विकास अधिकारी ने जल्द गौशाला बनवाए जाने का आश्वासन दिया। मालूम हो की इन दिनों रवी की फसल की बुआई का समय चल रहा हैं जिसमें की किसानों को फसल बोने के साथ ही उनकी रखवाली करनी पड़ रहीं हैं। गांव बिरसिंही मलेथा में गौशाला न होने से करीब 200 गौवंशो से गांव में खेतों की फसल बचा नही पा रहें हैं। किसानों को इन सर्द भरी रातों में घर की बजाए खेतों पर रहना पड़ रहा हैं। किसान खेतों में पूरी रात रह रहें हैं। किसान प्रधान अकील, मुन्ना, रामचन्द्र, सुरेश, छेदी, कमलेश, रामआसरे, कन्हई समेत करीब एक सैकड़ा गांव के किसान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह की अगुआई में खण्ड विकास अधिकारी राम मोहन मीणा से मिलें और गांव में जल्द गौशाला बनवाने की मांग की जिससे की राहत मिल सके और इस सर्द भरी रात में खेतो में सोने की बजाए घर पर सो सके। इस संबध में खण्ड विकास अधिकारी ने बताया की जल्द गौशाला का निर्माण करवाया जायेगा।

# चौथी बी.बी.गुप्ता मेमोरियल ट्रॉफ़ी टूर्नामेंट के पाँचवें दिन मैच यूथ क्रिकेट क्लब ने बाजी मारी

द अचीवर टाइम्स रघुनाथ सिंह





**लखनऊ।** तविश (आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी) मैन ऑफ़ दा मैच चुने गए।

कुलदीप चौहान (यूथ क्रिकेट क्लब) मैन ऑफ़ दा मैच चुने गए

चौथी बी.बी. गुप्ता मेमोरियल ट्रॉफी के पांचवें दिन पर खेले गए पहले मैच में आरबीएन ग्लोबल की टीम ने टॉस जीत कर पहले बॉलिंग का फैसला किया। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरे आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी ने बढ़िया बैटिंग करते हुए 156 रन बनाए। टीम के लिए यश वर्धन ने सबसे ज्यादा 43 रन नॉटआउट बनाए। उनके अलावा आकाश ने 34, हर्ष वर्धन ने 31 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने के लिए आरबीएन की टीम बहुत जल्दी ढेर हो गई और 20 ओवर में सिर्फ 86 रन बने। टीम के लिए अनुज प्रजापति ने तेज़ 30 रन बनाए, उनके अलावा विपिन ने 14 रन बनाए। आशीष नेहरा की टीम के लिए तविश और अनिकेत ने 3-3 विकेट लिए। तविश को उनकी अच्छी गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में यूथ क्रिकेट क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 147 रन बनाए। रचित शुक्ला ने शानदार 49, कुलदीप चौहान ने 33 और कप्तान सार्थक ने 28 रन बनाए। स्पोर्ट्स गैलेक्सी की तरफ से ओम बाजपेयी ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पोर्ट्स ग्लैक्सी की टीम ने शुरुआत अच्छी की, दोनों ओपनर्स के आउट होते ही गेम बदल गया और स्पोर्ट्स गैलेक्सी सिर्फ 108 रन ही बना पाई। कप्तान सुंदर यादव ने सबसे ज्यादा 20 रन बनाए। यूथ क्लब के लिए शक्ति वर्मा ने 2 विकेट लिए।

# विपक्षी सांसदों के निलंबन पर इंडिया गठबंधन दलों का जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर जबरदस्त प्रदर्शन

❖ गृह मंत्री का इस्तीफा मांग विपक्षी सांसदों के निलंबन पर तत्काल रोक लगाने की की मांग।

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** शुक्रवार को इंडिया गठबंधन दलों ने दिल्ली रोड स्थित जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर विपक्ष के 142 सांसदों के निलंबन पर सरकार के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें कांग्रेस, समाजवादी, राष्ट्रीय लोक दल, आम आदमी पार्टी सहित दर्जनों विपक्षी दलों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर हंगामा किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस जन जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर एकत्रित हुए और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। *शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा हैं कि देश में लोकतंत्र का मंदिर कही जाने वाली दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) से विपक्ष के 142 सांसदों को केवल इस बिंदु पर संसद से निलंबित किया गया क्योंकि विपक्ष के निलंबित सांसदों ने संसद में सदन की सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार से चर्चा करने की बात कही थी और सदन में हुए घटनाक्रम को लेकर देश के गृहमंत्री से इस्तीफा मांगा था। विपक्ष के नेताओं द्वारा सदन में सरकार से जब सदन की सुरक्षा पर कोई जवाब नहीं मिला। तो लोकतंत्र में इस सवाल पर चर्चा करने पर सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके से विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए विपक्ष के 142 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। जो ये दिखाता हैं कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए कोई भी अलोकतांत्रिक कदम उठा सकती हैं। कांग्रेस जनों ने सरकार द्वारा विपक्षी सांसदों के सदन से निलंबन किए जाने पर कड़ा रोष व्यक्त किया हैं और सरकार के इस कृत्य की कड़ी निन्दा करते हुए सांसदों के निलंबन को असंवैधानिक बताया हैं। कांग्रेस जनों ने सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा हैं कि सरकार संसद में विपक्ष के सांसदों के साथ न तो कोई चर्चा करना चाहती हैं और न ही कोई जवाब देना चाहती। कांग्रेस जनों ने सदन की सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुए सरकार पर जमकर हमला बोला हैं और कहा हैं कि भाजपा की सरकार में जब देश के लोकतंत्र का मंदिर कही जाने वाली संसद ही सुरक्षित नहीं हैं तो देश भला कैसे सुरक्षित हो सकता हैं? देश की सीमाओं पर तैनात हमारे जवान कैसे सुरक्षित हो सकते हैं? कांग्रेस जनों ने सरकार से सवाल पूछा हैं कि संसद की सुरक्षा चूक मामले में संसद की दर्शक दीर्घा में आरोपित नौजवान युवक और युवती कैसे घुस आए? कैसे और किस आधार पर भाजपा के एक सांसद ने उन आरोपितों को दर्शक दीर्घा में जाने का पास दिया? संसद में आरोपितों को पास देने पर अब तक सरकार द्वारा भाजपा सांसद पर क्या कार्यवाही हुई? कांग्रेस जनों ने कहा हैं कि सरकार को विपक्षी सांसदों के इन सभी सवालों का गंभीरता से जवाब देना चाहिए। न कि विपक्षी सांसदों द्वारा सरकार से सदन की सुरक्षा पर चर्चा की मांग के बदले निलंबन की कार्यवाही करनी चाहिए।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष बबलू प्रधान गुर्जर ने भी केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया और कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार विपक्ष के सांसदों की आवाज को कुचलने का काम कर रही हैं। जो कि लोकतंत्र की सरासर हत्या हैं। अब विपक्ष का नेता सरकार से संसद में सदन की सुरक्षा मामले में कोई चर्चा भी नहीं कर सकता। अगर विकास का कोई सांसद सरकार से चर्चा करना भी आलोक तांत्रिक तरीके से सदन से निलंबित कर दिया जाता है।

प्रदर्शन में कांग्रेस से प्रदेश सचिव मिथुन त्यागी, पूर्व प्रदेश सचिव डॉक्टर शोएब, ब्लॉक अध्यक्ष जकरिया मनसबी, सीमा शर्मा, रघुवीर सिंह एडवोकेट, नरेश कुमार भाटी, गौरव गर्ग, जितेंद्र अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, भरतलाल शर्मा, हरीश गर्ग, विक्की शर्मा, अमित सैनी, तारेश्वर त्यागी, हृदय प्रकाश, शकील अहमद, सावन चौधरी, कुसुमलता, जोगेंद्र तोमर, शमशाद अब्बासी, अब्दुल कलाम, आकाश त्यागी, यशपाल ढिलौर, सुखपाल गौतम, आजाद सैफी, अय्यूब सहित सैकड़ों कांग्रेस जन मौजूद रहे.! साथ ही समाजवादी, राष्ट्रीय लोक दल, आम आदमी पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और सरकार के खिलाफ अपना धरना दिया। इस दौरान समाजवादी पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम संदीप कुमार को सौंपा।

## 18 लोगों के नाम, बैंक खाता में फेरबदल कर दे दिया आवास डीएम खीरी ने दिए जांच के आदेश




**द अचीवर टाइम्स रमेश चन्द्र**

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले के पसगवां ब्लॉक की ग्राम पंचायत खखरा के सुशील कुमार ने आवास आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। अपात्र व्यक्तियों को दो-दो तीन-तीन बार आवास का लाभ दिए जाने की जांच कर निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की है। डीएम खीरी महेंद्र बहादुर सिंह ने मामले को संज्ञान में लेकर परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण से भौतिक सत्यापन कर 15 दिन में बिंदुवार आख्या डीपीआरओ के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता सुशील कुमार के अनुसार 18 लोगों के नाम, बैंक खाता आदि में फेरबदल करके आवास सीएम योजना का लाभ मानक के विपरीत विपरीत दिया गया। कई आवासों का लाभ एक ही व्यक्ति को दिया गया है। अपात्र होते हुए भी लाभार्थी बनाकर तत्कालीन प्रधान व सचिव ने भ्रष्टाचार किया है। फिलहाल मामले को डीएम ने गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश जारी किए हैं।

## एक नज़र

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**द अचीवर टाइम्स विकास सैनी/निखिल मिश्रा**



**लखनऊ।** मलिहाबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिराहीमपुर में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार जाँच पड़ताड़ से पता चला कि मलिहाबाद क्षेत्र के बिराहीमपुर निवासी राजेश पुत्र डल्ला उम्र 28 वर्ष गृह कलह के चलते आत्महत्या कर ली, परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि किसी जहरीले पदार्थ का सेवन करने से राजेश की मौत हुई है, मृतक के शव को पीएम हेतु मार्चरी हाउस भेज दिया गया है आगे की विधिक कारवाही की जा रही है। सूत्रों की माने तो राजेश कुमार की पत्नी रोशनी अपने मायके गई हुई थी और राजेश अपने घर के कमरे के अंदर पलंग पर लेता है तभी उसने जहरीला पदार्थ खा लिया होगा जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिवार में माता सुमित्रा पत्नी रोशनी व बेटा रिषभ 3 वर्ष हैं जिनका रो रोकर बुरा हाल है।

### भारतीय स्टेट बैंक, लखनऊ मण्डल द्वारा

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**लखनऊ ।** स्थानीय प्रधान कार्यालय, लखनऊ में प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी द्वारा मुख्य महाप्रबन्धक शरद स. चांडक की उपस्थिति में व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन, लखनऊ को दिव्यांग खिलाड़ियों हेतु व्हीलचेयर्स भेंट की गई। व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन, लखनऊ के प्रेसिडेंट श्री अभय प्रताप सिंह ने स्टेट बैंक के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक गण, उप महाप्रबंधक गण, वरिष्ठ अधिकारी गण एवं दिव्यांग खिलाड़ी उपस्थित रहे ।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने से दो सगी बहनों की हुई दर्दनाक मौत

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**बहादुरगढ़।** थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिहुनी में दीपांशी पुत्री प्रवीण उम्र 6 माह तथा मिस्टी पुत्री प्रवीण उम्र 6 वर्ष प्रजापति की बिजली के बोर्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण दोनों बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई। बता दे की हापुड़ जनपद के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव बिहूनी में प्रवीण पुत्र सुरेश प्रजापति के दो बच्चियों की शार्ट सर्किट से कमरे के अंदर आग लगने से झुलसकर मौत हो गई। जानकारी अनुसार प्रवीण अपनी दोनों बच्चियों को ऊपर कमरे में लिटाकर बाहर से कुंडी लगाकर चारा काटने के लिए चला गया और अचानक शौर्ट सर्किट से कमरे में लगे बोर्ड मे आग लग गई और दोनों बेटियो की मौत हो गई। कमरे में धुआं और आग को देखकर जैसे ही ऊपर कमरे का दरवाजा खोला तो दोनो मासूम बच्चियो की मौत हो चुकी । घटना की सूचना पर बहादुरगढ थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मौकै पर पहुंचे और दोनो बच्चियो के शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

### अपमानित होती भारत की बेटियां-रवि चौधरी

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** समाजसेवी रवि चौधरी ने सरकार पर हमला बोलते हुए महिला पहलवानों कि आत्मरक्षा करने की बात करते हुए कहा कि विश्व में खिलाडियों को हराकर देश के लिए मेडल जीतने वाली किसान की बेटी आज मजबूर होकर अपने खेल से अलग हो गई है एक खिलाड़ी का जीवन कितना कठिन होता है यह खिलाडी ही समझ सकता है कल तक जो किसान किसान के बेटे की बात कर जातीय उन्माद फैला रहे थे क्या वह अब किसान की बेटी के तिरस्कार का बदला लेने के लिए भी आगे आएंगे। क्या समाज के वह तथाकथित ठेकेदार महिला पलवान ओके लिए भी आवाज उठाएंगे।

### पत्रकारों से सूत्र पूछने का अधिकार नहीं है - सीजेआई (सुप्रीम कोर्ट)

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश के सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर पुलिस प्रशासन एवं प्रशासनिक अधिकारियों को जमकर निशाना साधा और चेतवानी भी दी ।मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूर्ण की बेंच ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 19 और 22 के तहत पत्रकारों के मूल अधिकारों की स्वतंत्रता के खिलाफ पुलिस किसी भी पत्रकार के सूत्र नही पूंछ सकती है और न ही न्यायाल । तब तक जब तक कि पत्रकारों के खिलाफ बिना जांच और पुख्ता सबूत के दर्ज मुकदमे और गवाही की जांच नही हो जाती है । आज कल देखा जा रहा है कि पुलिस पत्रकारों की स्वतंत्रता हनन कर रही है क्यों कि अधिकतर मामले में पुलिस खुद को श्रेष्ठ बनाने के लिए ऐसा करती है जिस संबंध में उच्च न्यायालय ने अब अपने कड़े रुख दिखाने पर कहा है अगर पुलिस ऐसा करती पाई जाती है तो फिर कोर्ट की अवमानना का मुकदमा दर्ज किया जा सकता है ।

## सड़क सुरक्षा पखवाडा के तहत जी0एस0 मेडिकल कालिज में बेसिक ट्रामा लाईफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजित

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाडा तहत शुक्रवार को सड़क सुरक्षा पखवाडा में आयोजित होने वाले कार्यकगों के अन्तर्गत जी0एस0 मेडिकल कालिज में बेसिक ट्रामा लाईफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन किया गया। जिसमें कालिज के एसिसटेन्ट डायरेक्टर अंकित वेग, पुलिस उपाधीक्षक वरूण मिश्रा तथा एन0जी0ओ0 सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरैशी उपस्थित रहे। अधोहस्ताक्षरी द्वारा सडक सुरक्षा विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, अन्य उपस्थित अधिकारियों द्वारा भी अपने विचार प्रस्तुत किये गये । आयोजन में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा उपस्थित जनसमुदाय एवं मेडिकल छात्र-छात्राओं को दुर्घटना के समय घायल को आई0सी0पी0आर0 दिये जाने के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त रमेश कुमार चौबे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) हापुड़, आशुतोष उपाध्याय, यात्रीकर अधिकारी हापुड़ द्वारा जी0एस0 मेडिकल कालिज में बेसिक ट्रामा लाईफ सपोर्ट प्रशिक्षण में उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि सडक सुरक्षा के दृष्टिगत दो पहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें तथा पीछे बैठी सवारी भी हेलमेट का प्रयोग करना चचाहिए वाहन चलाते समय मोबाईल फोन प्रयोग नहीं करना चाहिए तथा गलत दिशा में वाहन का संचालन एवं अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के विरूद्ध चेकिंग अभियान के अन्तर्गत प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की गयी, जिसके अन्तर्गत 27 वाहनों का चालान किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा नियमों सम्बन्धी शपथ दिलायी गयी तथा शासन से प्रेषित यातायात नियमों के फोल्डर, लिफ्लेट, तथा पम्पलेट भी वितरित कराये गये ।

## चोरों के हौसले बुलंद, खाकी को दे रहे चुनौती

❖ मलिहाबाद व रहीमाबाद पुलिस चोरियों पर अंकुश लगाने में विफल

❖ अज्ञात चोरों ने नौ दिनों में पांच अलग अलग स्थानों पर दिया घटना को अंजाम

**द अचीवर टाइम्स निर्मल सैनी**

**लखनऊ।** मलिहाबाद सर्किल के अंतर्गत में बेखौफ हुए चोरों के हौसले इन दिनों इतने बुलंद हैं कि आये दिन बाद चोरियों की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं लगता है कि इन चोरों में पुलिस के नाम का खौफ खत्म सा हो गया है, इसलिए ये अज्ञात चोर क्षेत्र में एक के बाद एक चोरी की घटना को आसानी से अंजाम देकर फुर्र हो जाते हैं और पुलिस को लगातार चुनौती पेश कर रहे हैं ,वहीं बात करें मलिहाबाद व रहीमाबाद थाना पुलिस की तो थाना पुलिस पिछली चोरियों तक का खुलासा करने में नाकाम साबित हुई है, ताजा घटना बीती रात की है जहां इस बार इन बेखौफ चोरों ने इस बार एक रिक्शा को अपना निशाना बना कर रफू चक्कर हो गए। पूरा मामला रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद का है।मिली जानकारी अनुसार अवधेश कुमार निवासी रसूलाबाद के घर बाहर खड़े ई रिक्शा में रखी बैटरी अज्ञात चोर लेकर हुए रफू चक्कर। पीड़ित अवधेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

**पहली घटना**– विगत चौदह दिसंबर को मलिहाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपेश्वर गौशाला को निशाना बनाते हुए उसमें खड़ी मारुति कार सहित सोलर बैटरी लेकर फरार हो गए थे। जिसका मुकदमा लिख पुलिस चोरो की तलाश कर रही है,लेकिन अभी तक चोरों के गिरेहबांद तक नही पहुंच सकी है।

**दूसरी घटना**– रहीमाबाद थाना क्षेत्र में 19 दिसम्बर को तिलक खेड़ा निवासी अब्दुल के घर को चोर निशाना बनाते हुए घर मे रखा सामान सहित लाखो के आभूषण लेकर फरार हो गए थे।

**तीसरी घटना**–19 दिसंबर वाली घटना की अभी रहीमाबाद पुलिस गुल्थी समझ ही रही थी,तभी अज्ञात चोरों ने 20 दिसंबर को ग्राम पंचायत गोस्वा मजरे चंदीखेड़ा में गांव के किनारे बने हनुमान मंदिर से पीतल के 5 वजनी घंटे चुरा कर एक बार फिर से पुलिस को चुनौती दे डाली थी।

**चौथी घटना**– मलिहाबाद पुलिस विगत 14 दिसंबर वाली घटना का खुलासा भी नही हुआ थी कि 21 दिसंबर देर रात शातिर चोरों ने भाजपा नेता रिक्की गुप्ता के माल रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने बने सागर लॉन से सटे महिंद्र यार्ड से वहां पर मौजूद वाहनों की तीन बैटरियां व एक वाहन के दो पहिया खोलकर फरार हो गए थे।

**पांचवी घटना**– रहीमाबाद थाना क्षेत्र में विगत दिनों हुई चोरी का अभी तक गुलथी उलझी ही थी,पिछली पिछली घटनाओं का अभी तक खुलासा हुआ नही था कि चोरों ने रसूलाबाद गांव में अवधेश कुमार के घर के बाहर खड़े ई रिक्शे को निशाना बनाते अज्ञात चोर हुए रफू चक्कर हो गए।

## विकसित भारत निर्माण का संकल्प देशवासियों में राष्ट्र की प्रगति व प्रतिष्ठा के अभ्युदय का विश्वास बना है- रेखा नागर

❖ जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने किया संवाद।

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आरिफपुर मढैया में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर पहुचीं और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर पर प्रशिस्त पत्र वितरण किये और लोगों को शपथ दिलाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विकसित भारत निर्माण का संकल्प देशवासियों में राष्ट्र की प्रगति व प्रतिष्ठा के अभ्युदय का विश्वास बना है। आज भारत प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ अर्जित कर रहा है। हमारे प्रमुख स्तंभ युवा, महिला, किसान और गरीब% को सशक्तिकरण और स्वावलंबन प्रदान करने को समर्पित यह संकल्प यात्रा जन-जन के नवजागरण का संदेश बनी है। जहां उससे पहले स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम किए गए तथा शिक्षकों द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान आसिफ अली, जिला महामंत्री डॉ खालिद राणा , मंडल महामंत्री गुरूमेन्द्र सिंह सिंह, मंडल उपाध्यक्ष मुकुल त्यागी, जिला मंत्री कि0मो0 ज्ञान सिंह लोचव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र प्रधान एवं सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंत्रोच्चारण व शंखनाद के साथ शुरू हुआ विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव

➤ ड्राइंग, गायन, नृत्य और कबाड़ से जुगाड़ आदि क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने पहुंचे छात्र।

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**




**लखनऊ।** छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिये तीन दिवसीय विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव आज यहां एनआरएलसी ट्रेनिंग संस्थान, सेक्टर-जी, जानकीपुरम के ऑडिटोरियम में मंत्रोच्चारण और शंखनाद के साथ शुरू हो गया। सामाजिक संस्था सोसायटी ऑफ कॅरियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) एवं जन विकास महासभा, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में शुरू हुये उत्सव के उद्घाटन मौके पर मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने दीप प्रज्जवलित किया और बच्चों ने सरस्वती वन्दना पर नृत्य एवं वन्देमात्रम का सामूहिक गान भी हुआ। इस मौके पर सोक्ट के अध्यक्ष व कॅरियर काउन्सलर डा. अगम दयाल, जनविकास महासभा के अध्यक्ष व मुख्य आयोजक पंकज तिवारी, परी पुस्तक केन्द्र के अजय यादव, शोभा फाउण्डेशन के प्रदीप जायसवाल व अंकेश चौहान, पूर्व कार्यवाहक महापौर सुरेश अवस्थी, समाजसेवी दिव्या शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चन्द्र अवस्थी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। उद्घाटन के उपरान्त उत्सव के पहले दिन विभिन्न स्कूलों से पहुंचे सैकड़ों छात्रों ने ड्राइंग, ग्रुप क्लासिकल डांस, सोलो सिंगिग, माडर्न डांस आदि कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही कई छात्रों ने कबाड़ से बनायी कई उपयोगी चीजों का भी प्रदर्शन किया। इससे पहले मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान ने उत्सव में आये छात्रों को सम्बोधित करते हुये कहा कि सोक्ट व जनविकास महासभा ने विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव के नाम से एक मंच दिया है जो छात्रों को अपनी पढ़ायी के साथ अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका देता है। इस मौके पर उत्सव के मुख्य आयोजक पंकज तिवारी ने बताया कि उत्सव के दूसरे दिन भी छात्र अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन जारी रखेंगे।

# सड़क किनारे मिला युवक का अधजला शव

## परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, पुलिस जांच में जुटी

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**शाहजहांपुर/मिर्जापुर।** थाना मिर्जापुर में सड़क किनारे युवक का अधजला शव मिलने से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना पर एसपी ग्रामीण, सीओ तथा फोरेंसिक टीम ने मौका मुआयना करते हुए साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वही युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। स्वजन प्रेम प्रसंग में हत्या किये जाने का आरोप लगा रहे है। क्षेत्र के गांव दोषपुर नागर निवासी आदेश सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके गांव के ही ज्ञानू ने उसे शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे सूचना दी कि उसके छोटे भाई राजेश उर्फ राजा जली हुयी अवस्था में बदायूं फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर एक देव स्थान के पास सड़क किनारे घास में पड़ा है। सूचना पर आदेश व उसके स्वजन तथा गांव के तमाम लोग जब घटना स्थल पर पहुंचे और देखा कि राजेश उर्फ राजा म्रत पड़ा है जिसके दोनों हाथ, पेट, सीना तथा चेहरा जला हुआ है। म्रतक की जीव भी बाहर निकली हुयी थी। जिससे म्रतक के भाई आदेश सिंह ने गला दबाकर हत्या कर शव को जलाने का आरोप लगाया है। मगर थाने पर किसी के खिलाफ कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया है। म्रतक के भाई आदेश कुमार ने बताया कि फर्रुखाबाद की एक महिला से उसकी जान पहचान थी अक्सर वह वहीं पर रहता था। महिला के अन्य लोगों के साथ भी संबंध थे। जिससे महिला के दूसरे मित्रों ने ही राजेश की हत्या की है। इधर घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेने के बाद घटना की जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही सीओ अजय कुमार राय तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी तथा फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा लोगों से पूछताछ करने के साथ ही फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से जली हुयी घास तथा कपड़े के अलावा भी अन्य जरूरी साक्ष्य एकत्र किए तथा घटना स्थल के पास से ही एक माचिस भी बरामद हुई है सभी साक्ष्यों को फोरेंसिक टीम जांच के लिए अपने साथ ले गयी है।

अधजला शव स्टेट हाइवे के किनारे पड़ा मिला है अभी तक म्रतक के परिजनों द्वारा किसी के खिलाफ कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने तथा म्रतक के परिजनों द्वारा प्रार्थना पत्र मिलने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**मनोज कुमार अवस्थी एसपी ग्रामीण शाहजहांपुर**

### राज्यस्तरीय कृषि एवं यूथ फेस्टिवल के लिए छात्र-छात्राएं मथुरा रवाना

**कुमारगंज अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओ के 20 सदस्यीय टीम को तीन दिवसीय राज्यस्तरीय अंतर कृषि एवं पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय यूथ फेस्टिवल के लिए रवाना किया गया। यह टीम उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा के लिए रवाना हुई। विश्वविद्यालय की इस टीम में 12 छात्राएं एवं आठ छात्र हिस्सा ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति ने छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की। इन छात्र-छात्राओं में आस्था सिंह, आरुषि मिश्रा, अनुष्का अग्निहोत्री, वृंदा वर्मा, निकिता शाश्वत, आदित्य आर, अवनी सचान, तनुश्री राव, चारू सिंह, विनीत गिरी, मनीष सिंह, विक्रम विजन, अंशिका सैनी, पुष्पित जोशी, अभिषेक त्रिपाठी, इशिता उमर, विदुषी शुक्ला, सिद्धांत उपाध्याय, जतिन तिवारी एवं हर्षित का नाम शामिल है।

# अशासकीय विद्यालयों में शिक्षक भर्ती पर लगी रोक हटी, सरकार के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाया था स्टे

**संवाददाता**



**देहरादून।** कमेटी ऑफ मैनेजमेंट आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की ओर से भर्ती पर रोक के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका की गई थी। हाईकोर्ट ने नियुक्ति पर रोक के सरकार के आदेश पर स्टे लगा दिया था। आदेश में कहा गया कि प्रकरण में हाईकोर्ट के 10 अक्तूबर 2023 के आदेश का संज्ञान लेते हुए शिक्षा महानिदेशक को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों, प्रधानाचार्यों एवं अन्य कर्मचारियों की भर्ती पर लगी रोक हटा दी गई है। सरकार के आदेश पर हाईकोर्ट के स्टे के बाद शासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। शिक्षा विभाग ने अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती में अनियमितता की शिकायत पर शिक्षक भर्ती पर रोक लगा दी थी। 19 सितंबर 2023 को शासन ने आदेश जारी किया था कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य, प्रवक्ता, सहायक अध्यापक एवं शिक्षणेतर पदों पर कनिष्ठ सहायक व वरिष्ठ सहायक नियुक्ति पर रोक लगाई जाती है।

**हाईकोर्ट ने सरकार के आदेश पर लगाया था स्टे**

शासन के इस आदेश के खिलाफ एक विद्यालय ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अपर सचिव शिक्षा मेजर योगेंद्र यादव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कमेटी ऑफ मैनेजमेंट आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की ओर से भर्ती पर रोक के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका की गई थी। हाईकोर्ट ने नियुक्ति पर रोक के सरकार के आदेश पर स्टे लगा दिया था। आदेश में कहा गया कि प्रकरण में हाईकोर्ट के 10 अक्तूबर 2023 के आदेश का संज्ञान लेते हुए शिक्षा महानिदेशक को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती पर रोक लगी थी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भर्ती पर लगी रोक हटा दी गई है। इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया गया है।

# बिजेड़ी ने भाजपा को दिया कड़ा जवाब: श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना कार्य में प्रदेश भाजपा असहिष्णु हो गयी है

**मनोरंजन सासमल , स्टेट हेड ओड़िशा**



**भुबनेश्वर।** बिजेड़ी ने दिया बीजेपी को कड़ा जवाब. ब्क्ष्ठ प्रवक्ता स्वयंप्रकाश महापात्रा और इप्सिता साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जवाब दिया. भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा किए गए कार्यों से बहुत ईर्ष्या करते हैं। जब इस प्रोजेक्ट का काम शुरू हुआ तो बीजेपी ने महाप्रभु जगन्नाथ के काम परिक्रमा प्रोजेक्ट का काम रोकने की पूरी कोशिश की. मुख्यमंत्री ने सभी दलों के नेताओं का अभिनंदन किया. लौटते वक्त बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के काफिले पर अंडे फेंके. बीजेपी ने जताई असहिष्णुता जब धर्मा काम से लौटे तो बीजेपी की घिनौनी हरकत का खुलासा हुआ. उस समय एक रूढ़िवादी केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री से माफ़ी मांगी थी. ओडिशा बीजेपी के नेताओं को ओडिशा का विकास कार्य पसंद नहीं आ रहा है. ओडिशा की प्रशंसा सुनकर उनकी रातों की नींद उड़ जाती है।पहले दिन से ही भाजपा नेताओं ने श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना का काम रोकने के लिए कई साजिशें रचीं। लेकिन रुक नहीं सका. वे अमीरों के काम से अधीर हो गये हैं। प्रभु की इच्छा के बिना एक भी पत्र नष्ट नहीं होता। जब वे दुर्व्यवहार करते हैं और असफल होते हैं, तो वह अधीर हो जाता है। जहां राज्य का महिमामंडन किया गया, वहीं भाजपा नेताओं को यह पसंद नहीं आया। सभी के सहयोग से प्रोजेक्ट का काम आगे बढ़ रहा है. 17 जनवरी को मुख्यमंत्री उद्घाटन करेंगे। यह बात भाजपा नेताओं को रास नहीं आई। जब भी राज्य को कोई सफलता मिलती है तो भाजपा नेता महिमामंडन करने के बजाय ईर्ष्या करने लगते हैं। उनका एकमात्र उद्देश्य अपनी ओछी राजनीति और संकीर्ण मानसिकता के साथ आगे बढ़ना है। भगवान जगन्नाथ उन्हें सद्बुद्धि प्रदान करें।

## एक नज़र

### कांगड़ा के शक्तिपीठों में वर्चुअल पूजा की सुविधा, सीएम सुक्खू ने किया ऑनलाइन प्रणाली का शुभारंभ




**एजेंसी**

**कांगड़ा।** कांगड़ा जिला के माता ब्रजेश्वरी मंदिर, माता चामुंडा मंदिर और माता ज्वालामुखी मंदिर में वेबसाइट(http://kangr atemples. hp.gov.in)के माध्यम से वर्चुअल पूजा की सुविधा प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को राज्य की पहली ऑनलाइन पूजा प्रणाली, दिव्य पूजा प्रणाली का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से भक्तों को घर बैठे ही ऑनलाइन पूजा की सुविधा उपलब्ध होगी। कांगड़ा जिला के माता ब्रजेश्वरी मंदिर, माता चामुंडा मंदिर और माता ज्वालामुखी मंदिर में वेबसाइट(द्धह्लह्लश्च-//द्मड्डठ्ठद्दह्लड्डह्लद्गद्वश्चद्यद्गह्य.द्धश्च.द्द१1.द्बठ्ठ)के माध्यम से वर्चुअल पूजा की सुविधा प्रदान की गई है। सुक्खू ने कहा कि इस वेबसाइट के माध्यम से श्रद्धालु किसी भी स्थान से ऑनलाइन पूजा और मंदिरों के लिए दर्शन पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रणाली के माध्यम से भक्तों के लिए दान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है। दान की गई राशि की ऑनलाइन रसीद की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर विशेष अवसरों के लिए ई-पूजा बुकिंग, सराय बुकिंग, ऑनलाइन प्रसाद प्राप्त करने, ऑनलाइन दान करने के साथ मूर्तियों तथा पुस्तकों सहित धार्मिक वस्तुओं की खरीद की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। जिला प्रशासन ने भक्तों के घरद्वार तक इन वस्तुओं की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भारतीय डाक विभाग के साथ समन्वय किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चामुंडा नंदिकेश्वर मंदिर ट्रस्ट का वर्ष 2024 का कैलेंडर भी जारी किया। कांगड़ा के उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल ने ऑनलाइन पूजा प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा, पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली, मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल और संजय अवस्थी, विधायक केवल सिंह पठानिया, संजय रतन, सुदर्शन बबलू, विनोद सुल्तानपुरी, आईडी लखनपाल, चैतन्य शर्मा, मलेंदर राजन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# पहाड़ों में बारिश-बर्फबारी के आसार, क्रिसमस पर है उत्तराखंड आने का प्लान तो जानें मौसम का हाल

**संवाददाता**



**चमोली।** बारिश के आंकड़ों पर नजर डाले तो इस महीने अभी तक 4.4 एमएम बारिश हुई है, जो सामान्य से 50 फीसदी कम है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली जिले के कुछ हिस्सों के साथ तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश व बर्फबारी के आसार हैं। मौसम के बदले मिजाज के चलते प्रदेश भर में सर्दियों में बारिश के आंकड़ों में कमी दर्ज की जा रही है। यही वजह है कि दिन और रात के तापमान में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। लेकिन आज शुक्रवार को प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है। बारिश व बर्फबारी का असर राज्य भर में दिन के तापमान में भी देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 22 दिसंबर को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली जिले के कुछ हिस्सों के साथ तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश व बर्फबारी के आसार हैं। हालांकि प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

**तीन डिग्री ज्यादा रहा दून का**

दिसंबर में अभी तक दिन के तापमान में सामान्य से एक-दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। बृहस्पतिवार को भी देहरादून का अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। जबकि रात का न्यूनतम तापमान 6.2 रहा, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। ऐसे में पर्वतीय जिलों में होने वाली बारिश व बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों के दिन के तापमान पर देखने को मिलेगा। 22 दिसंबर को दून का अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम तापमान सात डिग्री रहने के आसार हैं।

**क्रिसमस पर साफ रहेगा मौसम**

क्रिसमस के मौके पर प्रदेश भर का मौसम साफ रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 24 व 25 दिसंबर को प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। उधर बारिश के आंकड़ों पर नजर डाले तो इस महीने अभी तक 4.4 एमएम बारिश हुई है, जो सामान्य से 50 फीसदी कम है।

# बेरोजगारी के मुद्दे पर सदन में हंगामा, नारेबाजी कर विपक्ष ने किया वाकआउट

**संवाददात**

**तपोवन (धर्मशाला)।** सुबह 11ः00 बजे विपक्ष प्रश्नकाल रोककर नियम 67 के तहत बेरोजगारी पर चर्चा मांगता रहा। सदन में इस पर दोनों पक्षों में नोकझोंक बढ़ती गई और हंगामा शुरू हो गया। तपोवन स्थित हिमाचल प्रदेश विधानसभा परिसर में शुक्रवार को प्रश्नकाल शुरू होते ही हंगामा हुआ। सुबह 11ः00 बजे विपक्ष प्रश्नकाल रोककर नियम 67 के तहत बेरोजगारी पर चर्चा मांगता रहा। सदन में इस पर दोनों पक्षों में नोकझोंक बढ़ती गई और हंगामा शुरू हो गया। करीब 20 मिनट तक चली इस नोकझोंक के बाद विपक्ष ने सदन से वाकआउट कर लिया। प्रश्नकाल शुरू करने की घोषणा से पहले भी विपक्ष नियम 67 के तहत बेरोजगारी पर चर्चा के लिए दिए गए नोटिस पर चर्चा करवाने के लिए अड़ा रहा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आउटसोर्स पर लगे करीब 10 हजार लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया है। राज्य में लगभग 10 लाख बेरोजगार हैं। इस पर संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान ने कहा कि इस विषय पर सत्तापक्ष के विधायकों ने भी चर्चा मांगी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व की सरकार करीब 20 हजार नौकरियां दे रही है। विभिन्न विभागों में भर्तियां की जा रही हैं। भाजपा सरकार के समय में भर्तियों में भ्रष्टाचार हुआ। इस पर विपक्ष ने खूब हंगामा किया। सदन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

**भाजपा के समय भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी रही- सीएम**

अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया विपक्ष के विधायकों से बैठने का आग्रह करते रहे। उन्होंने कहा कि पिछले कल भी यह विषय डॉ. जनक राज की ओर से गैर सरकारी सदस्य दिवस पर लगाया गया था, लेकिन एक ही विषय पर चर्चा होती रही। इस पर जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा इस चर्चा को नियम 130 में करने को तैयार है, पर कानून-व्यवस्था पर भी चर्चा करवाई जाए। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा के समय भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी रही। वर्तमान सरकार कई भर्तियां शुरू कर चुकी है। रोजगार का अवसर दिया जा रहा है। जब सत्तापक्ष कोई जवाब देने लगता है तो उसका ये हल्ला करने लग जाते हैं। वहीं, प्रश्नकाल को विपक्ष ने बाधा पहुंचाने का प्रयास किया तो निर्दलीय विधायक होशियार सिंह इसका विरोध करने लगे। वे सवाल करने देने की बात करने लगे। इस पर भाजपा विधायकों से उनकी नोकझोंक हो गई।


**भाजपा ने बाहर जो डिग्रियां जलाई, वे भी फर्जी थीं**

परिसर में भाजपा विधायकों ने प्रदर्शन करते हुए सांकेतिक डिग्रियां जलाई तो सदन में इस पर भी नोकझोंक हो गई। इस पर सदन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि परिसर में भाजपा ने बाहर जो डिग्रियां जलाई गई, वे भी फर्जी थीं। जयराम ठाकुर के हाथ में जो डिग्री थी, वह भी फर्जी थी। विपक्ष के नेता जब झूठ बोलकर जाली डिग्रियां जलाते हैं तो लोगों के मन में किस तरह की बात आती होगी। इसलिए तो कर्मचारी चयन आयोग को भंग किया था। झूठ न बोले और लोगों को न ठगे। डिग्रियां जलाओ, पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का नाम तो बदनाम न करें। क्या उसमें कुलपति के हस्ताक्षर किए जाने चाहिए थे। रणधीर शर्मा ने कहा कि पिछले चार दिन से सांकेतिक तरीके से सरकार की नाकामी को दर्शा रहे हैं। इससे सरकार बौखला गई है। बाहर जो प्रदर्शन किया गया वह सांकेतिक था। उसके बाद भी जब इनके नारों की आवाज हमारे विधायकों के नारों से दब गई तो यह बौखला गए। आंदोलन सांकेतिक है। हम दो रुपये गोबर लेकर आए थे, इन्होंने नहीं खरीदा। पिछले कल बोले कि वेरका दूध लेकर आए हैं। मीडिया ने भी पूछा, उनको भी बताया कि यह सांकेतिक है। यह प्रदेश के युवाओं का संदेश है। बाहर निकलना मुश्किल है।

# कई भागों में मौसम खराब, बारिश-बर्फबारी के आसार

# कुकुमसेरी का न्यूनतम तापमान माइनस 8.6

**संवाददाता**



**कुल्लू।** कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में शुक्रवार सुबह से ही मौसम खराब बना हुआ है। इससे शीतलहर भी बढ़ गई है। वहीं, राजधानी शिमला में भी धूप खिलने के साथ बादल छाए हुए हैं। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते हिमाचल प्रदेश के कई भागों में मौसम बिगड़ गया है। कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में शुक्रवार सुबह से ही मौसम खराब बना हुआ है। इससे शीतलहर भी बढ़ गई है। वहीं, राजधानी शिमला में भी बादल छाए हुए हैं। कुल्लू व लाहौल के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सैलानियों को संवेदनशील क्षेत्रों की ओर न जाने की सलाह दी है। वहीं, सर्दी के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन ने 3,000 मीटर के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में ट्रैकिंग गतिविधियों पर रोक लगा दी है।

**मध्य व उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी के आसार**

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य के मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ क्षेत्रों में 22 व 23 दिसंबर को बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों के दौरान चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, शिमला और सिरमौर जिले कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। जबकि चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति और किन्नौर के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हो सकती है। इसके बाद राज्य में वर्षा की गतिविधि कम होने की संभावना है। इस अवधि के दौरान औसत अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री व औसत न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है।

**न्यूनतम तापमान**

उधर, शिमला में न्यूनतम तापमान 11.0, सुंदरनगर 0.5, भुंतर 0.5, कल्पा 2.6, धर्मशाला 8.2, ऊना 2.7, नाहन 8.2, पालमपुर 5.0, सोलन 1.1, कांगड़ा 6.5, मंडी 1.1, चंबा 3.2, डलहौजी 11.1, जुब्बड़हट्टी 8.5, कुफरी 9.1, कुकुमसेरी माइनस 8.6, नारकंडा 6.7, रिकांगपिओ 5.1, सेऊबाग 2.0, धौलाकुआं 4.7, बरठीं 2.2, समदो माइनस 3.1, पांवटा साहिब 9.0 व सराहन में 2.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# राज्य कर विभाग के नोटिस ने उड़ाए होश

## 49 बार माल की हो गई खरीदारी, फर्म मालिक को भनक तक नहीं, जानिए मामला




**एजेंसी**

**नैनीताल।** रुद्रपुर में एक कारोबारी की फर्म से 49 बार माल की खरीदारी और 11 बार बिक्री हो गई। राज्य कर विभाग ने जब कारोबारी को नोटिस थमाया तो उनको सहयोगी की करतूत का पता चला। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में रहने वाले एक कारोबारी की फर्म से 49 बार माल की खरीदारी और 11 बार बिक्री हो गई। राज्य कर विभाग ने जब कारोबारी को नोटिस थमाया तो उनको सहयोगी की करतूत का पता चला। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में वार्ड नंबर दो ट्रांजिट कैंप निवासी राजेश यादव ने कहा है कि उसकी फर्म आरके ट्रेडर्स सर्विस और मांग पर आपूर्ति देने का काम करती है। अक्तूबर 2022 से दिसंबर 2022 तक केवल चार बार कार्य किया था और उसका जीएसटी जमा कर दिया था। प्रिंस कुमार बाला निवासी तीनपानी डैम फुलसुंगा उसकी फर्म की जीएसटी, रिटर्न सहित अन्य कार्य कराता था। अब वह प्रिंस जेड 155 सेक्टर 12 नोएडा यूपी में रहता है। इस दौरान उसे राज्य कर विभाग का नोटिस मिला था। इसमें फर्म के जीएसटी नंबर से मई 2022 से नवंबर 2022 तक 11 बार बिक्री और एक फरवरी 2022 से 17 अक्तूबर 2022 तक 49 बार खरीदारी दर्शायी गई है। सभी खरीदारी और बिक्री प्रदेश के बाहर दिखाई गई है। आरोप है कि प्रिंस ने उसकी फर्म का जीएसटी नंबर का इस्तेमाल कर फर्जीवाड़ा किया है। जीएसटी में उसका मोबाइल नंबर हटाकर प्रिंस ने अपना नंबर दर्ज कराकर नया पासवर्ड बना दिया। प्रिंस ने छह बिलों की मई 2022 में बिक्री दर्शायी है और अगस्त 2022 में इन छह बिलों की बिक्री वापस कराई है। उन्होंने 12 अक्तूबर को ट्रांजिट कैंप थाने में तहरीर दी थी, मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसएसपी को प्रार्थना भेजने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्रिंस बाला के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**रानीखेत (अल्मोड़ा)।** जीआईसी सिलोर महादेव के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान विद्यार्थियों ने नौला, पापड़ा, सांगुडा तक रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। रैली में देश तरक्की तभी करेगा, हर वोटर जब वोट करेगा, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के नारे लगाए गए। शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। यहा रमेश चंद्र पपनै, डॉ. सुनीता भट्ट, जीवन सिंह नेगी, राधा भारती, निधि तिवारी, जया पांडे, कमलेश आर्य, सुधा राणा, रश्मि, अनीता, आरती आदि मौजूद रहे।

# गला काटकर युवक की हत्या: नदीम के गले पर मिले चाकू के निशान, भाई और पिता फरार, जांच कर रही पुलिस

**संवाददाता**



**नैनीताल।** ऊधमसिंह नगर के जसपुर में एक ई-रिक्शा चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर पर ही पड़ा मिला और गला कटा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर रही हैं। जसपुर में एक ई-रिक्शा चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर पर ही पड़ा मिला और गला कटा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाया है। पुलिस के मुताबिक यह हत्या है या आत्महत्या अभी जांच का विषय है। मोहल्ला भट्टा कॉलोनी नई बस्ती निवासी नदीम (30) पुत्र हबीब अहमद ई- रिक्शा चलाता था। मोहल्ले वालों ने बताया कि मृतक नशे का आदी था। उसकी पत्नी अपने मायके रामनगर गई हुई है। मृतक का भाई बिट्टू एक नाई की दुकान पर काम करता है। दूसरा भाई आसिफ मोटर मैकेनिक है। उसके पिता हबीब चालक थे। रात नौ बजे उसका शव घर पर ही पड़ा मिला। मोहल्ले वासियों ने पुलिस को सूचना दी। गले पर चाकू के निशान है। गला छुरी से कटा हुआ है। दोनों भाई और पिता फरार बताए जाते हैं। मृतक की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चा है। मोहल्लेवासी आत्महत्या कहकर दबी जवान में पिता फरार बताए जाते हैं। मृतक की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चा है। मोहल्लेवासी आत्महत्या कहकर दबी जवान में हत्या बता रहे हैं। कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है।

# दूसरे दिन का खेल समाप्त

## पहली पारी में भारत 376/7, ऑस्ट्रेलिया पर 157 रन की

एजेंसी



**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 219 रन पर सिमट गई थी। बेथ मूनी 40 रन, ताहिला मैक्ग्रा 50 रन और कप्तान एलिसा हीली ने 38 रन की पारी खेली थी। भारत की ओर से पूजा वस्त्राकर ने चार विकेट लिए।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को 219 रन पर समेटने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 157 रन की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने सात विकेट पर 376 रन बना लिए हैं। फिलहाल पूजा वस्त्राकर और दीप्ति शर्मा क्रीज पर हैं।

शेफाली वर्मा 40 रन और स्मृति मंधाना 74 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, स्नेह राणा नौ रन बना सकीं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एश्ले गार्डनर और जेस जोनासेन को एक-एक विकेट मिला है। इसके बाद ऋचा घोष और जेमीमा ने चौथे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को किम गर्थ ने तोड़ा। उन्होंने ऋचा को आउट किया। ऋचा 104 गेंद में सात चौके की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, जेमीमा ने भी अर्धशतक पूरा किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर खाता खोले बिना पवेलियन लौटीं, जबकि यास्तिका भाटिया सिर्फ एक रन बना सकीं। इसके बाद जेमीमा रॉड्रिग्स 121 गेंद में नौ चौके की मदद से 73 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें एश्ले गार्डनर ने सदरलैंड के हाथों कैच कराया। इसके बाद दीप्ति और पूजा ने फिर आठवें विकेट के लिए अब तक 102 रन की साझेदारी कर ली है। दीप्ति 70 रन और पूजा 33 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 219 रन पर सिमट गई थी। बेथ मूनी 40 रन, ताहिला मैक्ग्रा 50 रन और कप्तान एलिसा हीली ने 38 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा किम गर्थ 28 रन बनाकर नाबाद रही थीं। सदरलैंड 16 रन, गार्डनर 11 रन, जोनासेन 19 रन, लॉरेन चीटल छह रन और अलाना किंग पांच रन बनाकर आउट हुई थीं। फीबी लिचफील्ड खाता नहीं खोल सकीं, जबकि एलिस पेरी चार रन बनाकर आउट हुईं। भारत की ओर से पूजा वस्त्राकर ने चार विकेट लिए। वहीं, स्नेह राणा को तीन विकेट मिले। दीप्ति शर्मा ने दो विकेट लिए।

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले दक्षिण अफ्रीका को लगा झटका

# डीन एल्गर ने संन्यास का किया एलान

एजेंसी



**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व टेस्ट कप्तान डीन एल्गर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। वह भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के बाद क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। 36 साल के एल्गर ने अपने निर्णय के बारे में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को बता दिया है। एल्गर से सीरीज शुरू होने से पहले ही झटका दिया है। हालांकि, वह भारत के खिलाफ दोनों टेस्ट खेलते दिखेंगे। पहला टेस्ट सेंचुरियन में 26 दिसंबर से और दूसरा टेस्ट तीन जनवरी से केप टाउन में खेला जाएगा। दूसरे टेस्ट के बाद एल्गर के 12 साल लंबे करियर का अंत हो जाएगा। इस दौरान उन्होंने 80 से भी ज्यादा टेस्ट मैच खेले हैं और 5000 से भी ज्यादा रन बनाए हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में 17 मैचों में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी भी कर चुके हैं।

एल्गर ने एक भावुक पोस्ट में लिखा- जैसा कि सब कहते हैं कि सभी अच्छी चीजों का अंत हो जाता है और भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज मेरी आखिरी सीरीज होगी क्योंकि मैंने इस खूबसूरत खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है। एक ऐसा खेल जिसने मुझे बहुत कुछ दिया है। केपटाउन टेस्ट मेरा आखिरी टेस्ट होगा। दुनिया में मेरे पसंदीदा स्टेडियम में आखिरी मैच खेलूंगा। यह वही स्टेडियम है जहां मैंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट रन बनाए थे और वहीं मैं आखिरी टेस्ट भी खेलूंगा। एल्गर ने कहा, %क्रिकेट खेलना हमेशा से मेरा सपना रहा है लेकिन अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलना सबसे अच्छी बात रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 12 साल तक ऐसा करने का सौभाग्य प्राप्त करना मेरे सपने से परे है। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है।

रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के रहते हुए भारत के खिलाफ विशाखापत्तनम टेस्ट में खेली गई 160 रन की पारी ने उन्हें टेस्ट बल्लेबाज के रूप में स्थापित किया। इसके बाद उन्हें 2021 में टेस्ट कप्तानी सौंपी गई और उन्होंने वेस्टइंडीज में टेस्ट सीरीज भी जीती। इसके अलावा अपनी कप्तानी में 2021-22 में भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज में जीत दर्ज की। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका को इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में हार का सामना करना पड़ा और एल्गर को कप्तानी से हटा दिया गया। उनकी जगह तेम्बा बावुमा को टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई। संन्यास की घोषणा के समय एल्गर के नाम 84 टेस्ट में 37.28 की औसत से 5146 रन हैं, जिसमें 13 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। 199 उनका सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर रहा है। वहीं, आठ वनडे में 17.33 की औसत से 104 रन बनाए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए आठ वनडे भी खेले। वनडे का आखिरी मैच वह 2018 में खेले थे। एल्गर ग्रीम स्मिथ के साथ ओपनिंग भी कर चुके हैं।

# दक्षिण अफ्रीका से अचानक भारत लौटे कोहली

## ऋतुराज गायकवाड़ टेस्ट सीरीज से क्यों हुए बाहर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** विराट कोहली अचानक दक्षिण अफ्रीका से मुंबई लौट आए हैं। वह फिलहाल तीन दिवसीय इंट्रा स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच में हिस्सा नहीं ले रहे हैं, जो कि प्रिटोरिया में खेला जा रहा है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन में खेला जाएगा।

भारतीय टीम फिलहाल दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर है। टी20 सीरीज और वनडे सीरीज के बाद अब दोनों टीमें दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। हालांकि, इससे पहले भारत के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ दोनों टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। वहीं, विराट कोहली अचानक दक्षिण अफ्रीका से मुंबई लौट आए हैं। विराट फिलहाल तीन दिवसीय इंट्रा स्क्वॉड मैच में हिस्सा नहीं ले रहे हैं, जो कि अभी प्रिटोरिया में खेला जा रहा है। अगर वह सीरीज के लिए वापस नहीं लौटते हैं तो टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका होगा। हालांकि, बीसीसीआई ने इसको लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन में खेला जाएगा।

कोहली टीम मैनेजमेंट और बीसीसीआई से अनुमति मिलने के बाद तीन दिन पहले ही मुंबई के लिए रवाना हुए थे और उन्होंने प्रिटोरिया में तीन दिवसीय अभ्यास मैच में हिस्सा नहीं लिया। फैमिली इमरजेंसी इसके पीछे की वजह बताई जा रही है। बीसीसीआई सूत्रों का कहना है कि वह 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए समय पर जोहानिसबर्ग लौट जाएंगे। कोहली के शुक्रवार (22 दिसंबर) को लौटने की उम्मीद है।

ऋतुराज की अंगुली में चोट लगी

बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार, युवा सलामी बल्लेबाज ऋतुराज अंगुली की चोट से उबर नहीं पाए हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका में भारतीय टीम मैनेजमेंट ने रिलीज कर दिया है। गायकवाड़ को 19 दिसंबर को पोर्ट एलिजाबेथ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान अंगुली में चोट लगी थी। उन्होंने कहा, वह दूसरे वनडे में फील्डिंग करते हुए चोट लगा बैठे थे और उससे पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं। तीसरे वनडे में भी ऋतुराज नहीं खेले थे और बीसीसीआई ने कहा था कि वह मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। वहीं अब यह सामने आया है कि दोनों टेस्ट मैचों में से किसी से भी पहले उनके ठीक होने की कोई संभावना नहीं है। टीम मैनेजमेंट ने बीसीसीआई से बातचीत करने के बाद उन्हें तुरंत रिलीज करने का फैसला किया है। उनके शनिवार तक भारत पहुंचने की उम्मीद है।


इस बीच शुक्रवार को समाप्त होने वाले अभ्यास मैच में ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। सरफराज खान और अभिमन्यु ईश्वरन ने मौके का पूरा फायदा उठाया, जबकि कप्तान रोहित शर्मा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर प्रभावी दिखे।

तीन दिवसीय इंट्रा स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच शुक्रवार को समाप्त होगा और भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी अब जोहानिसबर्ग में इकट्ठा होंगे और वहां से टेस्ट के लिए सेंचुरियन जाएंगे। 26 दिसंबर को शुरू हो रहे और 30 दिसंबर को समाप्त होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट के बाद भारतीय खिलाड़ी केपटाउन चले जाएंगे, जहां दूसरा और अंतिम टेस्ट तीन जनवरी से शुरू होगा।


**भारत की टेस्ट टीम-** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), प्रसिद्ध कृष्णा।

**दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम-** तेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएट्जी, टोनी डी जोर्जी, डीन एल्गर, मार्को यानसेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कीगन पीटरसन, कगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरेन।

# ऐसा होटल जो सर्दियों में रहता है और बाद में बन जाता है नदी



**दुनिया में आपको एक से बढ़कर होटल देखने को मिलेंगे जिनकी खासियत भी अलग होगी। मगर क्या आप सर्दियों में आइस होटल में रहना चाहेंगे। जी हां, आज हम आपको एक ऐसे होटल के बारे में बताने जा रहे है जो वसंत ऋतु में पिघलकर नदी बन जाता है। मगर सर्दियों में शानदार होटल। सुनने में थोड़ा अजीब है, मगर यहीं इस आइस होटल की खासियत हैं। स्वीडन में हर साल टॉर्न नदी की मदद से आइस होटल बनाकर तैयार किया जाता है जो वसंत ऋतु आते ही पानी में बदल जाता है।**



**सोलर पावर्ड टैक्नोलॉजी का कमाल:** स्वीडन के इस आइस होटल को बनाने के लिए 3 देशों के 14 आर्टिस्टों और डिजाइनर्स बुलाए गए थे जिन्होंने आइस होटल के अंदर स्वीन रूम तैयार किया। साल 2016 में आइस होटल के कुछ पार्ट को सोलर पावर्ड टैक्नोलॉजी की मदद से स्थानीय रूप दे दिया गया।

**आइस होटल में मौजूद है सभी लग्जरी सुविधाएं:** यह होटल अपनी इसी खासियत की वजह से पूरी दुनिया में मशहूर हैं, जिसका निर्माण 1992 में किया गया था। होटल के अंदर आपको रेस्टोरेंट, बार व कई खूबसूरत चीजों का नजारा देखने को मिलेगा। इस होटल में रहने के लिए लोग दूर-दूर से विजिट करते हैं। इसके अलावा होटल में लिविंग ओशन स्वीट है जिसे इंग्लैंड के डिजाइनर जोनाथन ग्रीन ने बनाया। फिश और कोरल को भी शानदार तरीके से सजाया गया है जो होटल की खूबसूरती को और बढ़ा देते है।



# मोटापा घटाए और सर्दियों में गर्माहट लाए नॉनवेज सूप



सर्दी के मौसम में बहुत से लोग नॉनवेज सूप पीते हैं। इसका सीधा कारण है, नॉनवेज सूप का पौष्टिक होना। ठंडक में गर्माहट भरने के लिए आप नॉनवेज सूप ट्राई कर सकते हैं। यह सूप जायकेदार तो होता ही है, बेहद फायदेमंद भी होता है। इतना ही नहीं, इसमें प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है, जो शरीर में तेजी से कोशिकाओं का निर्माण कर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है।

**गले के दर्द में राहत:** अकसर इस मौसम में ठंडा-गर्म या खट्टा खाने से गला खराब हो जाता है और टॉन्सिल्स बढ़ जाते हैं। ऐसे में चिकन सूप गले को राहत देता है और दर्द दूर करता है। इसमें मौजूद सोडियम की मात्रा मुंह और गले से टॉन्सिल्स के बैक्टीरिया को हटाने में मदद करती है।

**साइनस से भी बचाए:** सर्दी का यह मौसम साइनस के मरीजों को खासा परेशान करता है। गरमागरम चिकन सूप बंद नाक को खोलने और जुकाम को रोकने में कारगर साबित होता है। रोजाना इसका सेवन साइनस को कम करने में भी मदद करता है।

**मसल्स बनाए:** चिकन प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत है, जो शरीर में अमीनो एसिड की मात्रा में इजाफा करता है और मसल्स तथा टिश्यूज का निर्माण कर शरीर को मजबूत बनाता है।

**पानी की कमी करे दूर:** शरीर में पानी की कमी विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ावा दे सकती है। इस मौसम में पानी की कमी को दूर करने के लिए आप चिकन सूप का उपयोग कर सकते हैं। चिकन सूप में आधा पानी होता है। किसी भी प्रकार का तरल पदार्थ शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में मदद करता है। इसके अलावा यह विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने में भी मददगार है।

**आर्थराइटिस में फायदेमंद:** चिकन सूप में विटामिन बी और प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। इसलिए आर्थ्राइटिस के रोगियों के लिए चिकन सूप का सेवन बहुत ही फायदेमंद होता है। मांसपेशियों की ऊर्जा के लिए चिकन सूप में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व और खनिज पदार्थ होते हैं। इसलिए हड्डियों की मजबूती के लिए इसका उपयोग कारगर होता है।

**खून की कमी को करे दूर:** शरीर में खून की कमी को दूर करने के लिए चिकन सूप का इस्तेमाल बहुत ही प्रभावी माना जाता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि चिकन सूप में बहुत से उपयोगी पोषक तत्वों के साथ-साथ आयरन भी अच्छी मात्रा में होता है। आयरन शरीर में खून की कमी को दूर करने के साथ ही लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में वृद्धि करता है। थकान, सुस्ती और मसल्स की कमजोरी का उपचार करने के लिए चिकन सूप काफी फायदेमंद है।

**पेट की चर्बी घटाए:** आप मोटापे से परेशान हैं, तो चिकन सूप का सहारा लें। प्रोटीन से भरपूर होने के कारण यह पेट की चर्बी को तेजी से घटाता है। नॉनवेज सूप में मौजूद वसा की अल्प मात्रा आपके मस्तिष्क, त्वचा और मांसपेशियों के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इसके साथ मिलाए जाने वाले अन्य खाद्य आहार आपके शरीर में तुरंत ऊर्जा दिलाने में मदद करते हैं। पर्याप्त मात्रा में चिकन सूप का सेवन भूख को भी नियंत्रित करता है और बढ़ रही चर्बी को रोकता है।

# मजे से खाएं और खिलाएं पिज्जा कुलचा सैंडविच

बच्चे हो या बड़े, छुट्टी वाले दिन हर कोई कुछ स्पैशल खाने की डिमांड करता है। ऐसे में आप उनके लिए घर पर पिज्जा कुलचा सैंडविच बना सकती हैं। खाने में टेस्टी होने के साथ-साथ इसे बनाने में भी कम समय लगेगा। साथ ही इसे बनाने भी बेहद आसान है। तो चलिए जानते हैं घर पर ही पिज्जा कुलचा सैंडविच बनाने की रेसिपी।

**सैंडविच बनाने की सामग्री:** कुलचा- 2, शिमला मिर्च- द कप (बारीक कटी हुई), गाजर- द कप (बारीक कटी हुई), टमाटर- द कप (बारीक कटे हुए), स्वीट कॉर्न- द कप, पीसी काली मिर्च- द टीस्पून, पिज्जा सॉस- 2 टेबलस्पून, मोजरेला चीज- ½ कप, मक्खन - 2-3 टेबलस्पून, टोमेटो सॉस - 1 टेबलस्पून, नमक- स्वादानुसार।

**सैंडविच बनाने की रेसिपी:** सैंडविच बनाने के लिए सबसे पहले पैन में 2-3 टेबलस्पून मक्खन डालकर पिघला लें। इसके बाद इसमें द कप गाजर, द कप शिमला मिर्च और द कप स्वीट कॉर्न डालकर 2-3 मिनट तक सॉफ्ट होने तक पकाएं। फिर इसमें स्वादानुसार नमक, द टीस्पून काली मिर्च और द कप टमाटर डालकर कुछ देर पकने के लिए छोड़ दें। तवे पर थोड़ा-सा बटर डालकर कुलचे को दोनों तरफ से अच्छी तरह सेंक लें। अब इसके एक साइड पर 1 टीस्पून पिज्जा सॉस डालकर पूरे कुलचे पर फैलाएं।

स्टफिंग के लिए इस पर सबसे पहले मोजेरेला चीज कद्दूकस करके डालें। फिर इसके ऊपर तैयार मसाला फैलाकर दूसरे कुलचे को इसके ऊपर रखकर धीमी आंच पर ढककर 2 मिनट के लिए पकाएं। जब कुलचा किनारों से गोल्डन ब्राउन हो जाए तो गैस बंद कर दें। इसके बाद कुलचा सैंडविच को प्लेट में निकालकर चाकू की मदद से छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।